

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 8 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष -42 ■ अंक-040 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 9 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

# आईएसआई के इशारे पर भारत में बड़ा हमला करने की तैयारी

**दिल्ली पुलिस ने 9 संदिग्धों को दबोचा**

**नई दिल्ली,8 मई।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक मॉड्यूल द्वारा दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत हाईवे स्थित एक ढाबे और हरियाणा के सैन्य कैंप पर हमले की साजिश रचे जाने का खुलासा हुआ है। जांच से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 'गैंग बस्ट ऑपरेशन 2.0' के तहत विभिन्न राज्यों से शाहजाद भट्‌टी मॉड्यूल से जुड़े नौ संदिग्ध ऑपरेटिव्स को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच एजेंसियों को पता चला कि आरोपियों में से एक ने दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर की रेकी की थी और परिसर की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स को भेजी थीं। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों को दिल्ली-सोनीपत हाईवे पर स्थित एक प्रसिद्ध ढाबे पर ग्रेनेड हमला करने का भी टास्क दिया गया था। यह ढाबा प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही वाला स्थान माना जाता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि हमले का मकसद बड़े पैमाने पर नुकसान और जनहानि करना था।इसके अलावा हरियाणा के हिसार स्थित एक सैन्य कैंप की भी रेकी किए जाने की बात सामने आई है। आरोपियों ने कथित तौर पर कैंप और आसपास के इलाके के वीडियो बनाकर पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को भेजे थे। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुछ पुलिस थाने भी मॉड्यूल के निशाने पर थे। स्पेशल सेल अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मॉड्यूल के अन्य नेटवर्क, फंडिंग और सीमा पार संपर्कों की जांच कर रही है।






चल उड़ जा रे पंछी.... कि अब ये, देश हुआ बेगाना.....

## सड़क हादसे में एसईसीएल अधिकारी की मौत

**कोरबा,8 मई।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. बांगों थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे-130 में चोटिया के पास दर्दनाक हादसा हुआ. प्रमोशन मिलने के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने सिंगरौली जा रहे एसईसीएल गेवरा एरिया के पूर्व जीएम अरुण कुमार त्यागी की कार का शिकार हो गई. घटना में उनकी मौत हो गई है. जानकारी के मुताबिक, एसईसीएल गेवरा एरिया के पूर्व महाप्रबंधक अरुण त्यागीको हाल ही में निर्देशक तकनीकी (डीटी) के पद पर प्रमोशन मिला था. वह ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए कार से सिंगरौली जा रहे थे. इसी दौरान एनएच-130 में चोटिया क्षेत्र के पास उनकी कार आगे चल रही पार्सल वाहने से जा टकराई. भीषण हादसे में अरुण त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई. आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पातल पहुंचाया. जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना के बाद बांगो पुलिस टीम मौके पर पहुंची. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

## अमेरिका ने ईरान पर फिर किया हमला

**वाशिंगटन,8 मई।** दुनिया को राहत देने वाला सीजफायर ज्यादा दिन नहीं टिक सका। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने ईरान के दक्षिणी इलाके में बड़ा सैन्य हमला किया है। बंदर अब्बास और केश्म पोर्ट पर हुई इस कार्रवाई के बाद पूरे मध्य पूर्व में हलचल मच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ईरान के मिसाइल लॉन्च साइट, ड्रोन बेस और निगरानी केंद्रों को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाए जाने के बाद अमेरिका ने यह जवाबी हमला किया। दूसरी तरफ ईरान ने इसे सीजफायर का खुला उल्लंघन बताया है और आरोप लगाया है कि अमेरिका ने उसके तटीय इलाकों और तेल टैंकरों को भी निशाना बनाया। कुछ हफ्ते पहले ही दोनों देशों के बीच संघर्ष रोकने के लिए सीजफायर हुआ था, लेकिन अब ताजा हमले ने पूरे समझौते पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर समझौते पर सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो कार्रवाई और तेज हो सकती है। अब पूरी दुनिया की नजर मध्य पूर्व पर टिक गई है।

## 157 मकानों पर चला बुलडोजर

**अंबिकापुर,8 मई।** अंबिकापुर में शुक्रवार सुबह प्रशासन का बड़ा बुलडोजर एक्शन देखने को मिला। डबरीपानी, महामाया पहाड़ और नवागढ़ इलाके में वन भूमि पर बने 157 मकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मौके पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और पूरे इलाके में हाई अलर्ट जैसा माहौल है। बताया जा रहा है कि इन इलाकों में पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में वन भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिए गए थे। कार्रवाई से पहले वन विभाग ने नोटिस भी जारी किया था, लेकिन तय समय में कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद शिकायत और जांच के आधार पर अब प्रशासन ने सीधा बुलडोजर एक्शन शुरू कर दिया है। यह पहली बार नहीं है जब अंबिकापुर में अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हुई हो। इससे पहले भी शहर में रिंगबांध और सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर प्रशासन बुलडोजर चला चुका है। अब 157 मकानों पर चल रही इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हलचल तेज हो गई है।

## पानी की तलाश में पहुँचा तेंदुआ कुएं में गिरा

**बालोद,8 मई।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब वन्यजीवों पर भी साफ दिखने लगा है। भोजन और पानी की तलाश में भटकते हुए जंगली जानवर रिहायशी इलाकों का रुख कर रहे हैं। इसी कड़ी में बालोद जिले के जगतरा गांव में एक तेंदुआ कुएं में गिर गया। करीब 4 साल का यह तेंदुआ फिलहाल कुएं के भीतर मोटर पाइप के सहारे अपनी जान बचाने की जद्दोजहद कर रहा है।पानी भरने गए ग्रामीणों के उड़े होशघटना की जानकारी शुक्रवार सुबह तब हुई जब ग्रामीण रोजमर्रा की तरह कुएं पर पानी भरने पहुंचे। कुएं के भीतर झांकते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए; उन्होंने देखा कि एक तेंदुआ पानी के पाइप को पकड़कर लटका हुआ है। गांव में तेंदुए की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग कुएं के पास जमा हो गए।

## ट्रंप को झटका, कोर्ट ने 10% ग्लोबल टैरिफ को बताया गलत

**नई दिल्ली,8 मई।** अमेरिकी ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की टैरिफ रणनीति को एक और झटका दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि उनके हालिया 10% अस्थायी वैश्विक शुल्क 1970 के दशक के एक व्यापार कानून के तहत गलत हैं, लेकिन इन शुल्कों पर रोक केवल दो निजी आयातकों और वाशिंगटन राज्य के लिए लगाई है। यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड के 2-1 के फैसले का मतलब है कि ट्रंप प्रशासन की किसी भी अपील पर सुनवाई पूरी होने तक, ये अस्थायी शुल्क अन्य सभी आयातकों के लिए लागू रहेगा। इस पूरी जांच के जुलाई में खत्म होने की उम्मीद है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि ट्रंप की तरफ से 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत लगाए गया ये टैरिफ गलत था। अमेरिकी ट्रेड कोर्ट का यह फैसला बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ व्यापारिक तनाव पर चर्चा करने से ठीक एक हफ्ता पहले आया है। हालांकि कोर्ट का यह फैसला तब आया है, जब ट्रंप के लगाए गए टैरिफ की समय सीमा करीब अगले दो महीनों में खत्म होने वाली है, लेकिन इसे ट्रंप की ग्लोबल टैरिफ महत्वाकांक्षाओं के लिए एक और बड़ा झटका कहा जा सकता है। इससे पहले यूएस सुप्रीम कोर्ट करीब तीन महीने पहले राष्ट्रीय आपातकाल कानून के तहत ट्रंप के लगाए गए ग्लोबल टैरिफ को रद कर दिया था। ट्रंप ने ट्रेड कोर्ट के इस फैसले के लिए दो कट्टर वामपंथी जजों को दोषी ठहराया। वाशिंगटन में एक 'रिफ्लेक्टिंग पूल' रेनोवेशन प्रोजेक्ट का जायजा लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात की। ट्रंप ने कहा, 'तो कोर्ट के फैसलों से मुझे अब कोई हैरानी नहीं होती।



## काम के विवाद में ननद ने की भाभी की हत्या

**कवर्धा,8 मई।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में आपसी विवाद में ननद ने भाभी को कुल्हाड़ी से काट डाला। इसके बाद मर्डर को रेप जैसा दिखाने के लिए उसने लाश के कपड़े फाड़ दिए, ताकि पुलिस गुमराह हो जाए और शक किसी पुरुष पर जाए। आरोपी ने सोशल मीडिया से देखकर ये आईडिया सीखा था।

मामला लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर का है। दरअसल, घर के कामकाज और बंटवारे की बात को लेकर ननद-भाभी के बीच तानेबाजी और झगड़ा होता था। दोनों के बीच पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी थी। जिसके बाद ननद ने प्लानिंग कर भाभी का मर्डर किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 3 मई को बेलसिया छेदैया (32) खेत में काम करने गई थी। तभी प्लानिंग के तहत ननद ने बेलसिया पर पीछे से हमला कर दिया। उसने कुल्हाड़ी से सिर पर लगातार कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी चाहती थी कि मामला दुष्कर्म या सामूहिक अपराध जैसा लगे, इसलिए उसने शव को निर्वस्त्र किया।

## शुभेंदु अधिकारी का सीएम बनना तय

**कोलकाता,8 मई।** पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने की लेकर कवायद तेज हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर केंद्रीय पर्यवेक्षक भारतीय जनता पार्टी भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए कोलकाता पहुंच चुके हैं। यहां वह भाजपा के तमाम 206 विधायकों को संबोधित भी कर सकते हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से जो खबर सामने आ रही है वह यह है कि शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। वहीं, उनके साथ दो उपमुख्यमंत्रियों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। आज शाम तक इसका ऐलान हो सकता है। भाजपा ने हालांकि मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी पसंद की आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन शुभेंदु अधिकारी राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण दो जीत हासिल करने के बाद इस दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे हैं। उन्होंने नंदीग्राम सीट बरकरार रखी, जहां उन्होंने 2021 में बनर्जी को हराया था और अब उन्होंने वह भवानीपुर सीट भी तृणमूल सुप्रीमो के हाथ से छीन ली है, जिसे लंबे समय से उनका गढ़ माना जाता था। शुभेंदु अधिकारी कभी बनर्जी के सबसे करीबी सहयोगियों में शामिल थे और ग्रामीण पश्चिम बंगाल में तृणमूल के संगठनात्मक विस्तार के प्रमुख सूत्रधार माने जाते थे। वह दिसंबर 2020 में भाजपा में शामिल हुए और राज्य में पार्टी के सबसे आक्रामक प्रचारकों में से एक बन गए। शुभेंदु अधिकारी के अलावा पश्चिम बंगाल सरकार में बतौर मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, रूपा गांगुली, स्वपन दासगुप्ता, शंकर घोष, तापस रॉय, अशोक डिंडा और डॉ. राजेश कुमार को भी मौका मिल सकता है।



**कलेक्टर साहब फोन क्यों नहीं उठाते**

## मंच से फूटा पूर्व विधायक का गुस्सा



**अमलीपदर,8 मई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुशासन तिहार शिविर के दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी मंच से ही प्रशासनिक अधिकारियों पर भड़क उठे। उन्होंने अधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों के फोन तक रिसीव नहीं करने का आरोप लगाया और शिविर की व्यवस्थाओं पर भी नाराजगी जताई।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गरियाबंद जिला के अमलीपदर में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया जहां में गोवर्धन मांझी ने कहा कि अधिकारी आम जनता की समस्याओं को लेकर किए गए फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझते। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संपर्क करते हैं, लेकिन कई बार फोन करने के बावजूद जवाब नहीं मिलता। इस पर अधिकारी ने उन्हें अपनी सफाई दी, लेकिन मांझी का कहना था आप ऐसा मत बोलिए यह कोई एक बार नहीं कई बार ऐसा हो चुका है। उन्होंने सीधे तौर पर कलेक्टर भगवान उनके सिंह पर भी आरोप लगाए। जिस पर भगवान सिंह उईके ने कहा कि वे लगातार मीटिंग में रहते हैं, इस पर गोवर्धन मांझी ने कहा ऐसे में आम नागरिक की कौन सुनेगा। शिविर में बड़ी संख्या में खाली पड़ी कुर्सियों को लेकर भी पूर्व संसदीय सचिव ने प्रशासन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि शिविर का सही ढंग से प्रचार-प्रसार किया जाता तो लोगों की बेहतर भागीदारी देखने को मिलती। खाली कुर्सियां इस बात का प्रमाण हैं कि कार्यक्रम की जानकारी आम लोगों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाई।

**कलेक्टर ने दिया ये जवाब**-कलेक्टर ने शिविर में कम भीड़ को लेकर उन्होंने तेंदूपत्ता तोड़ाई के मौसम का हवाला दिया। इधर पूरे मामले में कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने भी प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब सत्ता पक्ष के नेता ही प्रशासनिक व्यवस्था से परेशान हैं तो आम जनता की स्थिति का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने सुशासन तिहार को केवल दिखावा बताते हुए आरोप लगाया कि लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

## आईपीएल सट्‌टेबाजों पर पुलिस की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

**रायगढ़, 8 मई ।** आईपीएल के रोमांच के बीच शहर में पनप रहे सट्टेबाजी के काले कारोबार पर रायगढ़ पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा प्रहार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के कड़े दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन अंकुश' के तहत बुधवार को साइबर सेल और कोतवाली पुलिस ने शहर के तीन अलग-अलग ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस कार्रवाई में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का बड़ा नेटवर्क बेनकाब हुआ है। पुलिस ने महिला समेत 5 सक्रिय सट्टा खाईवालों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से लगभग 2 लाख 70 हजार रुपये नकद, एक इलेक्ट्रॉनिक नोट काउंटिंग मशीन, आईफोन समेत 6 महंगे मोबाइल और लाखों के डिजिटल ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं। कुल जब्ती करीब 4 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस की पहली रेड कोतरारोड़ बायपास स्थित आर.एस. ट्रेडिंग कंपनी के ऑफिस में पड़ी। मुखबिर की सटीक सूचना पर जब पुलिस ने यहां दबिश दी, तो साकेत सिंघानिया (37) नाम का आरोपी मोबाइल पर आईपीएल मैचों का ऑनलाइन सट्टा ऑपरेट करते धरा गया। पुलिस ने जब उसका आईफोन-13 प्रो और विवो मोबाइल खंगाला, तो उसमें ऑनलाइन बेटिंग आईडी, व्हाट्सएप चैट और यूपीआई के जरिए लाखों के लेन-देन के पुख्ता सबूत मिले।

दूसरी कार्रवाई ने एक बड़े सिंडिकेट की पोल खोल दी। पुराना पंजाब नेशनल बैंक के पास एक राशन दुकान की आड़ में रितेश डालमिया (28) सट्टा खिला रहा था। पुलिस की गिरफ्त में आते ही उसने अपने आकाओं का नाम उगल दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तुरंत चांदमारी इलाके में मास्टरमाइंड पिंटू हलवाई के ठिकाने पर रेड मारी। यहां से पुलिस ने पिंटू के भतीजे रौनक मोदनवाल (19) और पिंटू की पत्नी प्रियंका हलवाई (37) को हिरासत में लिया।

**बैडमिंटन : थामस कप-2026, डेनमार्क में 24 अपैल से 03 मई तक सम्पन्न**

## राष्ट्रदूत खिलाड़ियों के सम्मान में कमी, एक दुर्भाग्यपूर्ण कड़ी

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर**


अन्य खेलों के विश्वकप की तरह बैडमिंटन में थामस कप प्रतियोगिता को इस खेल की विश्व चैंपियनशिप कह सकते हैं। थामस कप में पुरुष खिलाडिय़ों के बीच मुकाबला होता है। भारतीय टीम इस स्पर्धा के सेमीफायनल में फ्रांस से शिकस्त खाकर कांस्य पदक जीत सकी . भारतीय टीम में विश्व में 11वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन तथा 18वीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी ,किदांबी श्रीकांत एचएस प्रणय थे जबकि युगल में विश्व में चौथी वरीयता प्राप्त सात्विक साई राज रंकारेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शामिल थी। वैसे भी बैडमिंटन में एशियाई देशों का दबदबा है। थामस कप को अब तक इंडोनेशिया ने 14, मलेशिया ने 9, चीन ने 3 फिर भारत जापान डेनमार्क ने एक बार जीता है। 2026 के टूर्नामेंट में 16 देशों की पुरुष टीमों ने भाग लिया जिसमें ग्रुप ए में भारत के साथ चीन, कनाडा,आस्टेलिया की टीम थी। ग्रुप बी में जापान मलेशिया इंग्लैंड, फिनलैंड ग्रुप सी में चाइनीज ताईपे, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया, स्वीडन ग्रुप डी में थाईलैंड, फ्रांस, इंडोनेशिया, अल्जीरिया की टीम थी। सेमीफायनल में भारत का मुकाबला फ्रांस के साथ हुआ. फ्रांस की टीम में दुनिया के प्रमुख 20 खिलाडिय़ों में तीन शामिल थे जिसमें विश्व वरीयता में 4 नंबर के क्रिस्टो पोपोव, 10 नंबर अलैक्स लनियार 17 नंबर ट्रोका पोपोव सम्मिलित थे। भारतीय टीम ने ग्रुप मैच में चीन से पराजित हुई . कनाडा व आस्ट्रेलिया को पराजित करके नाकआउट दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फायनल में भारत ने चीनी ताइपे को 3.0 से पराजित करके सेमीफयनल में प्रवेश किया जहां फ्रांस ने उसे 3-0 से हरा दिया। इसकी प्रमुख वजह फ्रांस के खिलाडिय़ों की श्रेष्ठता रही विश्व वरीयता में वैसे भी फ्रांस के खिलाड़ी भारत के ऊपर थे. 2022 में भारतीय टीम थामस कप विजेता रही थी. बैडमिंटन के भारतीय महिला व पुरुष खिलाडिय़ों के इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि कम सुविधा के बावजूद उन्होंने बड़ी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जैसे भारत की साईना नेहवाल ने 2012 लंदन ओलंपिक में तथा पीवी सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत जबकि 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा 1980 और 2001 में क्रमशः प्रकाश पादुकोण व पुलेला गोपीचंद ने प्रतिष्ठित आल इंग्लैंड बैडमिटन टूर्नामेंट के पुरुषों के एकल टाइटिल पर कब्जा जमाया। इस दृष्टि से छत्तीसढ़ की आकर्षि कश्यप, संगीता राजगोपालन, कविता दीक्षित, पुरुष वर्ग में संजय मिश्रा, जयंत देवांगन, समन शुक्ला, ईशान भटनागर आदि प्रमुख शटलर हैं। आज बैडमिंटन में एक से बढ़कर एक प्रतिभा सामने आ रही है। बैडमिंटन का मुकाबला नई तकनीक, रणनीति की वजह से अत्यंत संघर्षपूर्ण हो गया है। भारत में बैडमिंटन के खिलाडी जो भी उभरकर आ रहे हैं अधिकांशः उनके परिवार, अभिभावक साधन सम्पन्न है। रेकेट से खेले जाने वाले शटल काक की कीमत निरंतर बढ़ती जा रही है। इंडोर स्टेडियम की संख्या गिनी चुनी है उसमें भी बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण बहुत कम हुआ है। इतनी विपरीत परिस्थिति में भी हमारे बैडमिंटन खिलाडियों ने जब विश्व में कांस्य जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया तो हमें ऐसे अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय खिलाडिय़ों को राष्ट्रदूत से संबोधित करना चाहिए और बैडमिंटन ही नहीं किसी भी खेल के खिलाड़ी द्वारा विश्व स्तर की स्पर्धा में पदक जीतकर आये तो उनका पूरी गर्मजोशी से स्वागत करना चाहिए। थामस कप 2026 में कांस्य जीतने वाली टीम के सदस्य टीम के खिलाड़ी सात्विक इस उपलब्धि पर भारत के लोगों के व्यवहार से काफी दुखी हुए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोग अपने वतन के लिए अपना तन मन धन लगा देने वाले हमारे साथियों को जर्मनी से हैदराबाद हवाई अड्डे से बाहर निकलते तक न तो हमें किसी ने बधाई दी ना ही हमसे कुछ बातचीत की। यहां तक हैदराबाद हवाई अड्डे के बाहर थामसकप उपविजेता टीम के खिलाडिय़ों ने स्वयं कैब बुक किया। याने उन्हें हैदराबाद में न तो कोई प्रशंसक मिले न ही बैडमिंटन फेडरेशन के कोई सदस्य सचमुच यह घटना दुःखद है। इसके लिए भारतीय बैडमंटन संघ व हैदराबाद के पदाधिकारियों के साथ ही टीम प्रबंधन हैं। मीडिया को इन खिलाडिय़ों को भारत आगमन की जानकारी उपलब्ध न कराई जाना बेहद पीड़ादायक है। एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल के माध्यम से भारत को विश्व की बड़ी ताकत बनाने प्रयासरत हैं दूसरी तरफ हमारे देश के खेलप्रेमी अगर किसी एक खेल के खिलाडिय़ों को भगवान समझने लगे हैं तो यह परिस्थिति भारत के खेल के उज्ज्वल भविष्य के लिए घातक है।

## आरटीई एडमिशन पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,8 मई।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया की धीमी रफ्तार को लेकर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से शपथ पत्र में पूरी जानकारी विस्तृत तौर पर तलब की है। सरकार को बताना होगा कि किस स्कूल में कितनी सीटों पर और किस बच्चे का एडमिशन हुआ है। हाईकोर्ट राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए शपथ पत्र से नाराज भी हुआ। इसमें सरकार ने बताया है कि राज्य के 387 स्कूलों में एडमिशन के लिए एक भी आवेदन नहीं आया है। वहीं 366 ऐसे स्कूल हैं, जिसमें कुल सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे हैं। इसमें प्रदेश के सभी बड़े स्कूल शामिल है। हाईकोर्ट ने सरकार के जवाब पर आश्चर्य जताया कि क्या बड़े स्कूलों में गरीब बच्चे पढ़ना ही नहीं चाहते या फिर राज्य सरकार कुछ छिपा रही है। कोर्ट ने आबंटित सीटों को ऑनलाइन भी करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई तय की गई है।

# जमीन पर बैठकर उपमुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं,मौके पर दिए समाधान के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 8 मई। कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत बम्हनी में आयोजित सुशासन तिहार का समाधान शिविर गुरुवार को ग्रामीणों के लिए सीधे संवाद का मंच बन गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यहां जमीन पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन लेकर पहुंचे थे। उप मुख्यमंत्री ने सभी की बात ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शासन, प्रशासन और आमजन के बीच का सेतु है। लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो यह प्रयास होना चाहिए। ग्राम पंचायत बम्हनी में 24 गांवों के क्लस्टर को शामिल करते हुए शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी परिवार के लिए पीएम आवास सिर्फ एक मकान नहीं होता, बल्कि वर्षों से देखे गए उस सपने का साकार रूप होता है, जहां परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की उम्मीद करता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण, नाला सफाई, समाप्ति के लिए किए प्रयासों का भी जिक्र किया। समाधान शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। उन्होंने 13 हितग्राहियों को पेंशन पत्र, 3 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 25 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 14 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 7 हितग्राहियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रमाण पत्र, 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 5 हितग्राहियों को आबादी पट्टा तथा किसानों को किसान पुस्तिका, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और कृषि ऋण चेक वितरित किए। इस दौरान कक्षा 12वीं में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र खेमलाल गंधर्व को भी सम्मानित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### पार्षद राकेश साहू ने अपने निधि से वार्ड में किया डस्टबिन का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई, 8 मई। नगर पंचायत उतई अंतर्गत वार्ड 3 के युवा पार्षद राकेश साहू ने अपने पार्षद निधि से स्वस्थ भारत मिशन के तहत एक कदम स्वच्छता की ओर पर कदम बढ़ाते हुए अपने वार्ड के सभी घरों में गीला व सूखा कचरा रखने के लिए डस्टबिन का वितरण किया।पार्षद राकेश साहू ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, इसी कारण डस्टबिन का वितरण किया गया।इस दौरान वार्ड के पार्षद राकेश साहू, शुभम बंभोले, राजा यादव, चिंटू नोरके, रोहित यादव अमित यादव, सुमित यादव, ओम प्रकाश ठाकुर, आदित्य राठौड़, किशन साहू, सगर देवांगन, खुमान निषाद,रुद्र साहू, बाबा साहू, डोरेमॉन, भोजराज, रुशांक साहू, धैर्य साहू, पुर्वी साहू,मौली साहू राकेश यादव आदि मौजूद थे।

### सीसीटीवी फुटेज से पुलिस 50 लाख की चोरी करने वालों की कर रही तलाश




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 मई। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के नेहरू नगर पश्चिम की स्क्रैप कारोबारी के पॉश कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर चोर घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला गया फुटेज में चोरों का हुलिया नजर आ रहा है इसी दिशा में एसीसीयू की टीम चोरों को पकड़ने में जुटी हुई है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार व्यवसाय विनय कुमार अग्रवाल नेहरू नगर पश्चिम में किराए पर निवास करते है। 4 मई को उनकी भतीजी की शादी थी। इसमें शामिल होने वे पूरे परिवार के साथ सोमवार को दोपहर 12.30 बजे आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चले गए थे शादी पार्टी खत्म होने के बाद रात्रि 2 बजे के लगभग जब विनय कुमार अग्रवाल घर पहुंचे तो सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाने पर आलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। घर में जो भी सोने-चांदी के जेवरात ये बैंक के लॉकर से लाकर इनकी पत्नी जो शादी में पहनने के लिए रखी थी वह और कुछ नगदी रकम लगभग 1 लाख 40 हजार रुपए नगद घर में नहीं था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि घर में करीब 1 लाख 40 हजार रुपए और 45 से 50 लाख रुपये तक के जेवर रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि शादी के लिए जेवर बैंक लॉकर से निकालकर घर में रखे गए थे, जिसका फायदा चोरों ने उठाया है।

### नपाध्यक्ष के प्रयास से पानी की समस्या नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जामुल, 8 मई। नगर पालिका जामुल में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाये रखने पूरी गंभीरता के साथ कार्यउ किया जा रहा है । इसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के अथक प्रयास से जामुल पालिका क्षेत्र में भीषण गर्मी में भी आम जनता को भरपूर पानी मिल रहा है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह प्राकृतिक परिस्थिति है कि ग्रीष्म ऋतु में भूजल स्तर पर नीचे चला जाता है और इसी ऋतु में पानी की सर्वाधिक आवश्यकता होती है । जिसे ध्यान में रखते हुए दिशा समिति जिला दुर्ग के बैठक में पेयजल के संबंध जोरदार ढंग से अपनी बात रखी थी । साथ ही जिला कलेक्टर महोदय दुर्ग से अलग से मिलकर पेयजल समस्या के संबंध में चर्चा किया था । जिसके परिणाम स्वरूप जामुल से गुजरने वाले तांदुला मुख्य नहर में 25 एच.पी. का मोटर लगाकर जामुल के फिल्टर प्लांट से पाईप के द्वारा सीधे जोड़ा गया। जिसमें पानी सीधे फिल्टर प्लांट में जाने से नलों के धार में तेजी आयेगी । और पूरे जामुल के जनता को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि जामुल की आबादी बहुत बढ़ गई है और जहां पाईप लाईन नहीं पहुंचा है या कहीं लो प्रेशर है वहां टेंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है । फिल्टर प्लांट में नये पाईप कनेक्शन के समय पार्षद दीपक गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, वेदांत वर्मा सहित विद्युत विभाग के रवि चैहान, जल कार्य विभाग के दयालु जंघेल सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

### बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई करने के लिए जुटा है निगम अमला



भिलाईनगर,8 मई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। निगम द्वारा स्मृति नगर दीनदयाल कॉलोनी, संजय नगर तालाब के सामने, सूर्यकुंड के पीछे स्थित पोलियो अस्पताल, वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा पारा तथा जोन-04 खुर्सीपार क्षेत्र में लगातार सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। सफाई कर्मियों द्वारा नालियों में जमी गंदगी, कचरा एवं अवरोधों को हटाकर पानी के सुचारू बहाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के सभी जोन का स्वास्थ्य विभाग अमला अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुटा हुआ है। निगम प्रशासन का उद्देश्य बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव एवं गंदगी की समस्या से राहत दिलाना है।

## एक नजर

### ऑनलाइन सट्टा मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार



भिलाई, 8 मई (तछसं.)। भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के ऑनलाइन सट्टा संचालन के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पकड़ा है। बताया जाता है कि लगातार दबिश और गिरफ्तारी के दबाव के चलते दोनों आरोपियों ने सरेंडर किया है धमधा प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि थाना धमधा में अवैध ऑनलाइन सट्टा संचालन के संबंध में धारा 7(2) जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था प्रकरण में आरोपियों की घटना के बाद से फरार चल रहे थे उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश एवं तलाश की कार्रवाई की जा रही थी। लगातार पुलिस कार्रवाई एवं गिरफ्तारी के दबाव के चलते नीतिश गुप्ता (35 साल ) निवासी बनियापारा धमधा व अमित शर्मा (46 साल ) निवासी ग्राम बिरझापुर ने आत्मसमर्पण किया प्रकरण में आरोपियों से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड लिया गया था पूछताछ उपरांत आरोपियों को आज न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया।

### नशे में वाहन चलाने पर की गई कार्रवाई



भिलाई, 8 मई (तछसं.)। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने प्रातः 06 बजे से जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित चिन्हित ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान नागिन दाई मंदिर अंडा, बसनी चौक धमधा, अहिवारा मोड़ मुरमुन्दा चौक, फुंडा चौक एवं मोतीपुर चौक अमलेश्वर सहित कुल 05 प्रमुख पॉइंटों पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान कुल 08 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की जांच में यह भी पाया गया कि कई मालवाहक वाहन चालक दिन के समय भी शराब सेवन कर वाहन चला रहे थे, जो सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर एवं खतरनाक स्थिति है। इसके अतिरिक्त मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले 10 वाहन चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की। विशेष अभियान के दौरान कुल 149 लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

### बाइक चोर गिरफ्तार,4 बाइक जब्त



भिलाई, 8 मई (तछसं.)। भिलाई स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक नाबालिग आदतन मोटर साइकिल चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार मोटर साइकिल जब्त की है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि प्रार्थी सौम्य दुबे (20 साल ) निवासी जिला बेमेतरा वर्तमान में स्मृति नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर अध्ययन करता है। प्रार्थी 6 मई को अपनी पैशन प्रो मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एएफ 1241 को किराये के मकान के पास खड़ी किया गया था। उसे अज्ञात आरोपी ने रात्रि में चोरी कर लिया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला चौकी स्मृति नगर में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए मुखबिर सक्रिय किए गए तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर दो नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया। साथ ही पूर्व में चरोदा भिलाई, करंजा भिलाई एवं गदा चौक क्षेत्र से अन्य मोटर सायकिल चोरी करना भी स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से दो पल्सर, पैशन प्रो और स्प्लेंडर जब्त की है ।

## नालसा की योजना आशा के तहत परिजनों को कानून की जानकारी देकर रुकवाया गया नाबालिगों का विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,8 मई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना आशा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कु. संघरत्ना भतपहरी के निर्देशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम श्री अमन तिग्गा के मार्गदर्शन में जिले में लगातार विधिक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला कबीरधाम के एक नगरीय निकाय क्षेत्र में विधि प्रतिकूल रूप से अवयस्क बालकों का विवाह संपन्न कराए जाने की सूचना प्राप्त होने पर गठित संयुक्त टीम द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही की गई।

संयुक्त टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन, जिला पुलिस कबीरधाम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलव्ही शामिल रहे। टीम ने विवाह स्थल पर पहुंचकर संबंधित बालकों के परिजनों एवं उपस्थित सामाजिक जनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के दण्डात्मक प्रावधानों की जानकारी दी। टीम द्वारा परिजनों को समझाइश देते हुए बताया गया कि विवाह के लिए विधि द्वारा निर्धारित आयु की पूर्णता आवश्यक है तथा बाल विवाह कानूनन अपराध है। समझाइश के दौरान सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित बालकों को पीएलव्ही द्वारा आवश्यक विधिक सहायता एवं परामर्श प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजना आशा का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के संबंध में आमजन में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि बालकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है, तो उसकी सूचना तत्काल चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के दूरभाष नंबर 07741-299950 पर दें।

### गरीब लोगों की हक की लडाई है ,हम हमेशा से किसान मजदूर के साथ है: भरत नाहर

अंवरी, 8 मई। नगर पंचायत भखारा भठेली के लगभग 300 हितग्राही आज भी कभी नगर पंचायत का तो कभी तहसील का चक्कर लगा रहे है। 25 मार्च को तहसील कार्यालय से 30 लोगो को भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना के तहत 10-10 हजार राशि खाते में सीधे भेजा गया।

बाकी लोगों का नाम लिस्ट से गायब हो गया है, जिसके चलते हितग्राही अपने हक की मांग को लेकर नगर पंचायत भखारा और तहसील कार्यालय का घेराव किया गया । जिसमें सीएमओ और तहसीलदार द्वारा आस्वासन दिया की एक सप्ताह में आपके समस्या का समाधान किया जाएगा । विशेष रूप से भरत नाहर पुर्व अध्यक्ष, मेघनाथ साहु पार्षद वार्ड - 08, संतोषी निषाद पुर्व पार्षद शामिल हुए। भरत नाहर ने कहा की गरीब लोगों की हक की लडाई है ,हम हमेशा से किसान मजदूर के साथ है।

## शासकीय स्कूलों में बेहतर होगी स्वच्छता की स्थिति,शिक्षा उपकर की राशि से संवरेंगे शौचालय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाईनगर,8 मई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शहर के शासकीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छता के स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आयुक्त ने निगम के सभी जोन आयुक्तों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि शिक्षा उपकर मद में प्राप्त राशि का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जाए।शिक्षा उपकर की राशि का मुख्य उपयोग निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों के शौचालयों के जीर्णोद्धार, मरम्मत और निर्माण के लिए किया जाएगा।सभी जोन आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों का तत्काल निरीक्षण कर शौचालयों की वर्तमान स्थिति का आकलन करने को कहा गया है।आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, ताकि छात्रों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।हमारा लक्ष्य है कि शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को स्वच्छता संबंधी किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। शिक्षा उपकर की राशि का सदुपयोग करते हुए हम स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे।

राजीव कुमार पांडे, आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाईइस पहल से शहर के दर्जनों शासकीय स्कूलों को लाभ पहुँचने की उम्मीद है, जिससे स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को भी गति मिलेगी।

## निगम मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार का आयोजन

भिलाईनगर,8 मई। शासन के निर्देशानुसार शासकीय काम काज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने सुशासन तिहार 2026 चलाया जा रहा है। जिसके तहत आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का समीक्षा करना तथा विकास कार्यो को गति प्रदान करना है।

सुशासन तिहार 2026 शिविर का आयोजन दिनांक 08.05.2026 को निगम मुख्य कार्यालय परिसर में वार्ड क्रं. 09 राजीव नगर सुपेला, वार्ड क्रं. 10 लक्ष्मी नगर, वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर, वार्ड क्रं. 12 रानी अवंती बाई कोहका, वार्ड क्रं. 13 पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन एवं वार्ड क्रं. 18 कान्ट्रेक्टर कालोनी हेतु रखा गया है। इस शिविर में संबंधित क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है। इस शिविर के नोडल अधिकारी सह कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल एवं सहायक नोडल अधिकारी सह सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू होगें। नागरिक कार्यालयीन समय में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। साथ ही अपने समस्याओ का निराकरण एवं योजनाओं का लाभ उठा सकते है।

### वैवाहिक शामिल...



जामुल, 8 मई। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सोनू यादव के भाई की शादी में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के साथ महामंत्री ओमप्रकाश साहू पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बैठक में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों पर चर्चा

दुर्ग, 8 मई। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 से 60 तक की समस्याओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा हेतु महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने आज शाम डाटा सेंटर में बैठक आयोजित की। बैठक में संबंधित विभागों के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में शहर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान महापौर ने वार्ड क्रमांक 51 से 60 तक के पार्षदों से बारी-बारी क्षेत्रीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

## सतनाम भवन में 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाईनगर,8 मई। भिलाई 3 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन सतनाम भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 13 जोड़ों का विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने नवदंपत्तियों को सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिससे बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिलता है और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य एवं सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर निर्मल कोसरे, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, सीता साहू, प्रेमलता चंद्राकर, महामंत्री श्याम सुंदर जायसवाल, परियोजना अधिकारी ऐश्वर्या नीलम राय, सीमा जंघेल एवं भीमेश्वरी पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

## सांई मंदिर में चोरी,70 दिन बाद भी चोर का सुराग नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-6 स्थित सांई बाबा मंदिर में हुई बड़ी डकैती गिरोह को पकड़ने पुलिस के लिए चुनौती है वारदात के 70 दिन बाद भी आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं पुलिस ने बताया कि परमेश्वर सेन साईं मंदिर सेक्टर 06 में चौकीदारी करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 फरवरी की रात 8.30 बजे आया था और मंदिर परिसर में ड्युटी कर रहा था। मंदिर के पूजारी रात 9.15 बजे मंदिर को बंदकर घर चला गया था।

प्रार्थी मंदिर के प्रसाद काउंटर के पास बैठा था रात 2.15 से 3 बजे के मध्य कुछ लड़के पीछे से आए पकड़कर मारपीट की और नायलोन की रस्सी से बांध दिये और प्रसाद काउंटर में लेटा दिये आंख पर कपड़ा बांध दिया और नाक भी दबा दी इस के बाद मंदिर अंदर घुसकर चोरी किये लगभग 1 घंटे बाद उसके आवाज को सुनकर मंदिर परिसर स्थित साईं भवन का चौकीदार सुखरीत साहू आया तो बदमाश भाग गये सुखरीत साहू ने उसकी रस्सी को खोला। उसके बाद सुखरीत साहू मंदिर के पीछे रहने वाले पंडित मुकेश दुबे को बताया पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने चांदी का पादुका एवं सांई बाबा के मूर्ती के पास रखे 1 नग चरण पादुका, पालकी में रखे 1 नग चरण पादुका तथा साईं बाबा के मूर्ती के आजु बाजू रखे चांदी के आरती की थाली 1 नग, पंचारती स्टैण्ड 1 नग, चांदी के ग्लास 5 नग, पंचामृत का कलश और चम्मच 1 नग, छोटा छतरी 1 नग, अगरबत्ती स्टैण्ड 1 नग, साईं बाबा के मूर्ती पीछे लगे चांदी के पैनल करीब 5 नग, कलश 5 नग चांदी के एवं चरण पादुका के स्वर्ण मंडित नख 10 नग, एवं सीसीटी व्ही के डीवीआर 01 नग को अज्ञात चुरा ले गए थे। पुलिस को बाहरी आपराधिक गिरोह, विशेष रूप से एमपी और हरियाणा के गैंग की संलिप्तता का शक गहरा था, लेकिन 70 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से प्रदेशवासियों को मिल रही बड़ी राहत

**रायपुर, 8 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। योजना के माध्यम से वर्षों से लंबित बिजली बिलों के भुगतान का समाधान आसान हुआ है और उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण राहत मिल रही है। इसी कड़ी में मुंगेली जिले के देवांगन समाज को योजना का लाभ मिला है। समाजिक भवन पर 24 हजार रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया था। योजना के अंतर्गत समाज के अध्यक्ष श्री आनंद देवांगन को लगभग 08 हजार रुपए की छूट प्राप्त हुई, जिससे बकाया राशि का भुगतान करना आसान हो गया। उन्होंने कहा कि इस योजना से आर्थिक बोझ काफी कम हुआ है और उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिल रही है। श्री आनंद देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना आम लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी और जनहितकारी पहल है। इससे ऐसे उपभोक्ताओं को बड़ी सहायता मिल रही है, जो लंबे समय से बकाया बिजली बिल के कारण परेशान थे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजनाङ्क2026 का शुभारंभ 12 मार्च 2026 को किया गया था। योजना के तहत बीपीएल, घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल राशि में 75 प्रतिशत तक तथा अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। वहीं घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि में 50 प्रतिशत तथा अधिभार में पूर्ण छूट दी जा रही है। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ-साथ आसान किश्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपनी सुविधा अनुसार बकाया राशि का निराकरण कर सकें। राज्य शासन की यह पहल उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के साथ-साथ बिजली बिल भुगतान व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

### नया भारत अब आतंकवाद को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त करने वाला नहीं है: मुख्यमंत्री

**रायपुर 8 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि नए भारत की अटूट इच्छाशक्ति, निर्भीक संकल्प और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आज से एक वर्ष पूर्व पहलगाम में सीमा पार से आतंकियों द्वारा किए गए घिनौने हमले ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था, लेकिन भारत ने उस चुनौती का ऐसा जवाब दिया, जिसने इतिहास में शौर्य और संकल्प का स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि नया भारत अब आतंकवाद को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त करने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अब भारत चुपचाप सहने वाला राष्ट्र नहीं रहा, बल्कि मातृभूमि की ओर उठने वाली हर बुरी नजर का निर्णायक और प्रभावशाली जवाब देने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, बेजोड़ रणनीति और राष्ट्र के प्रति असीम समर्पण को अमर कर दिया। जिस सटीकता, दृढ़ता और प्रभावशाली क्षमता के साथ आतंक के सरपरस्तों और उनके आकाओं को जवाब दिया गया, उसने वैश्विक मंच पर भारत की सैन्य शक्ति और मजबूत नेतृत्व की नई पहचान स्थापित की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को केवल शब्दों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर सिद्ध भी किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं की संयुक्त शक्ति, अत्याधुनिक युद्ध तकनीक और आत्मनिर्भर रक्षा व्यवस्था ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक और प्रभावी प्रतिकार भी करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर राष्ट्र के उन सभी वीर सपूतों को कोटिशः नमन किया, जिनके शौर्य और पराक्रम ने हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊँचा किया है। उन्होंने पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जनगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर प्रगणक-पर्यवेक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

- समय-सीमा में मकान सूचीकरण पूरा करने वाले कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 8 मई।** जिले में जनगणना कार्य के अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को कलेक्टर तुलिका प्रजापति द्वारा सम्मानित किया गया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। बैठक में खड़गांव ग्रामीण चार्ज के पर्यवेक्षक क्रमांक 006 रमेश सोरी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने 4 मई 2026 को सुपरवाइजरी सर्कल क्रमांक 06 के सभी 09 एचएलबी में मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण किया।

इसी प्रकार औंधी ग्रामीण चार्ज के पर्यवेक्षक क्रमांक 004 शिवेन्द्र सिंह सोरी एवं नगर पंचायत अं. चौकी के पर्यवेक्षक क्रमांक 002 श्रीमती संध्या यादव को उनके कुशल नेतृत्व में समय-सीमा के भीतर कार्य संपादन के लिए सराहा गया। खड़गांव ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणक क्रमांक 38, 39, 40 एवं 41 शिवदयाल तारम ने 4 मई 2026 को संबंधित एचएलबी में मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण आकिया। वहीं औंधी ग्रामीण के प्रगणक क्रमांक 0036 एवं 0040 टेकन सिंह जंघेल ने 1 मई 2026 को एसएलबी 0036 में कार्य पूर्ण किया। नगर पंचायत अं. चौकी के प्रगणक क्रमांक 009 तोमन आंचले ने भी 1 मई 2026 को एसएलबी 009 में मकान सूचीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी अधिकारी-कर्मचारी इसी प्रकार समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाएंगे।

# महतारी वंदन योजना:महिला सशक्तिकरण की नई धारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर,8 मई।** किसी भी राज्य की प्रगति का सशक्त आधार उसकी महिलाओं की स्थिति होती है। जब महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त होती हैं, तब विकास की प्रक्रिया न केवल तीव्र होती है बल्कि समावेशी भी बनती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित 'महतारी वंदन योजना' इसी समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' के उस संकल्प को भी साकार कर रही है, जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाई देती है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। मार्च 2024 में प्रारंभ इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अब तक 27 किस्तों में कुल 17,523 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा केवल आर्थिक सहायता का प्रतीक नहीं, बल्कि राज्य सरकार की उस संवेदनशील सोच का परिचायक है, जो महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित भी करती है। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से सामने आ रही प्रेरक कहानियां इस तथ्य को प्रमाणित करती हैं कि यदि सही दिशा और अवसर मिले, तो महिलाएं अपने जीवन की तस्वीर स्वयं बदल सकती हैं। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विकासखंड के ग्राम मझगंवा की श्रीमती हेमा सिंह इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने योजना से प्राप्त राशि को खर्च करने के बजाय बचत और निवेश का माध्यम बनाया। धीरे-धीरे उन्होंने एक छोटा किराना स्टोर प्रारंभ किया, जो आज उनके परिवार की आय का स्थायी स्रोत बन चुका है। उनकी यह यात्रा बताती है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। इसी प्रकार अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम रामनगर की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की श्रीमती करियो ने योजना की राशि से बकरी पालन प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाया है। आज उनके पास कई बकरियां हैं और यह कार्य उनके परिवार की आजीविका का मजबूत आधार बन गया है। उनके जीवन स्तर में आया सकारात्मक बदलाव इस योजना की प्रभावशीलता को स्पष्ट करता है। वहीं मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम झाफल की श्रीमती गौरी राजपूत इस योजना से प्राप्त राशि का उपयोग अपनी शिक्षा में कर रही हैं। उनके लिए यह योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने का माध्यम बन गई है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान किया है। महिलाएं अब इस राशि का उपयोग स्वरोजगार, शिक्षा, पशुपालन एवं पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रही हैं, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई धारा प्रवाहित हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई 'गारंटी' का मूल भाव यही है कि देश की हर महिला को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाए। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना इसी गारंटी का सशक्त क्रियान्वयन है, जो केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महिला सशक्तिकरण को राज्य के विकास का मूल आधार माना है, वहीं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से इसे जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की एक सुदृढ़ नींव बन चुकी है। यह योजना महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सक्षम बना रही है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान कर रही है। निस्संदेह, 'महतारी वंदन योजना' प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के साथ छत्तीसगढ़ की महिलाओं के जीवन में एक नई सुबह लेकर आई है। यह पहल आने वाले समय में प्रदेश के समग्र, संतुलित और समावेशी विकास की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी।

## कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर





- एक वर्ष तक जिला एवं सीमावर्ती जिलों में प्रवेश प्रतिबंधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 मई।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है।

आदेश के तहत थाना लवन निवासी ग्राम अमलीडीह के ईश्वर केवट पिता लक्ष्मण केवट,थाना लवन निवासी ग्राम बगबुडा के प्रदीप कठौत्रे पिता स्व.बंसीलाल कठौत्रे एवं थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत निवासी नयापारा दुर्गा चौक बलौदाबाजार के शाईन खान उर्फ बाबा खान पिता शाहिद खान को जिला बदर किया गया है।

उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख ) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 21,22 तथा 23 अगस्त को

तिल्दा नेवरा **8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर घर पहूंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21अप्रैल 2026 से आरंभ किया जा रहा है, जिसकी परिणति 21,22, तथा 23 अगस्त 2026 को -- विशेष लोक अदालत -- के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21,22 तथा 23 अगस्त 2026 को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किए जायेंगें। विशेष लोक अदालत पूर्व, सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा।इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरंभ के साथ शुरू होगा। इस समाधान समारोह विशेष लोक अदालत, के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। इस समाधान समारोह के लिए अधिवक्ता गण वादकारियों तथा अन्य सभी संबंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा , जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा/अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति पक्षकारों की मदद करेंगे, पक्षकार इन सुलह प्रयास हेतु बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं। अपने मामले, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, को समाधान समारोह में कैसे शामिल करें। इस वास्ते गूगल फार्म तैयार किया गया है, जो अत्यंत सरल है, इसे भरकर अपने मामले को, समाधान समारोह, विशेष लोक अदालत 2026 में शामिल किया जा सकता है।

# देवरी घुलघुल में विरोध और समर्थन पत्र के बीच हुई शांतिपूर्वक जनसुनवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा 8 मई।** ग्राम देवरी घुलघुल में प्रस्तावित मेसर्स अग्रसेन स्टील एण्ड पावर लिमिटेड कंपनी के संबंध में आज लोक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में ग्रामवासियों सहित जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रतिनिधियों ने कंपनी का विरोध दर्ज कराया। वहीं दूसरी ओर कंपनी के समर्थन में भी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा लिखित समर्थन पत्र क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग के उपस्थित अधिकारियों को सौंपा गया। विरोध और समर्थन के बीच चली इस जनसुनवाई प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखी। सभी पक्षों को सुनने के बाद एडीएम द्वारा जनसुनवाई समाप्त होने की घोषणा की गई। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारीगण, पर्यावरण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जन सुनाई में स्थानीय ग्रामीण के बजाय आस पास गावो से भी भरी संख्या में ग्रामीण समर्थन में लेजाया गया जन सुनाई में उद्योग पति द्वारा कांग्रेस बीजेपी के स्थानीय नेताओं के अलावा ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को करीब 15दिनों से अपने पक्ष में कर लाखों खर्च कर जन सुनवाई करवा ली गई



इस गांव में लगने वाला उद्योग सबसे पहले गांव की पंचायत को भेट मुलाकात कर अपने पक्ष में वातावरण बना कर कुछ स्थानीय नेताओं को पकड़ कर गांव ओर आसपास के लोगों को अपने पक्ष में करता है आज देवरी में जन सुनाई संपन्न होने के बाद भारी उत्साह का माहौल है एक उद्योग स्थापित होने के लिय करोड़ो रूपये की जन सुनाई में बंदर बांट होती है इस कारण गांव देवरी के आस पास खुशी का माहौल है कारण जन सुनाई सम्पन्न हुई।

# समाधान शिविर में 429 आवेदन मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा 8 मई।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत तिल्दा-नेवरा की ग्राम पंचायत ताराशिव में 6 मई को समाधान शिविर का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का निराकरण किया गया। शिविर में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। अधिकारियों ने आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। शिविर में सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुए, जिनकी संख्या 156 रही। वहीं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से 112 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 429 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए, जिनमें 195 मांग पत्र तथा 14 शिकायत आवेदन लंबित रहे। शेष प्रकरणों का निराकरण शिविर स्थल पर ही तत्काल किया गया। ग्रामीणों



ने शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी मिलने पर संतोष व्यक्त किया जिला पंचायत अध्यक्ष ने बीजेपी सरकार की जनकल्याण करो योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी विष्णु देव सहाय सरकार के प्रदेशव्यापी अभियान सुशासन तिहार के अंतर्गत तिल्दा ब्लॉक के ग्राम ताराशिव में आयोजित सुशासन शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित जिला पंचायत सदस्य सभापति स्वाति वर्मा सहित सरपंच पंच भी सम्मिलित हुए इस दौरान हितग्राहियों से जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी दी गई। शिविर में जिला पंचायत सभापति गण सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बलौदाबाजार प्रेस क्लब की नये पुलिस अधीक्षक से आत्मीय मुलाक़ात,क़ानून व्यवस्था को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 मई।** जिले में पदस्थ नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश शर्मा से बलौदाबाजार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान पत्रकारों और पुलिस अधीक्षक के बीच जिले की कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा तथा पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रेस क्लब के सदस्यों ने जिले में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिसिंग को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पत्रकारों ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन और मीडिया के बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। नवागत पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश शर्मा ने प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक सुना और जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने एवं प्रभावी अमल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस और मीडिया दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं तथा जनहित के कार्यों में सकारात्मक सहयोग बेहद आवश्यक है। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान बलौदाबाजार प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, उपाध्यक्ष दिलीप महेश्वरी, सचिव दलजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, राघवेंद्र सिंह, गोविंद रात्रे, लकेश बघेल, आभाष शर्मा एवं पुष्पकांत मेजर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

'इनोवेशन महाकुंभ 1.0 में मिला सम्मान, सल्फी की गुणवत्ता और उपयोगिता बढ़ाने पर कर रहे काम'

# सल्फी को नई पहचान देने की कोशिश,बस्तर के हर्षवर्धन का अनोखा प्रयोग

**रायपुर, 8 मई।** बस्तर की पहचान मानी जाने वाली पारंपरिक पेय सल्फी÷को नई वैज्ञानिक सोच और आधुनिक प्रयोगों के माध्यम से स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में स्थापित करने की दिशा में युवा नवाचारक हर्षवर्धन बाजपेयी महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 में उनके इस प्रयोग को विशेष सराहना मिली और उन्हें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा न्यू इनोवेशन अवार्ड में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

हर्षवर्धन बस्तर इंडिजीनियस नेक्टर एग्रीकल्चर्स÷ के माध्यम से सल्फी पेय की सेल्फलाइफबढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य सल्फी के प्राकृतिक स्वाद और पोषक गुणों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना है, ताकि यह केवल पारंपरिक पेय तक सीमित न रहकर स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक ड्रिंक के रूप में भी पहचान बना सके।

उन्होंने बताया कि सल्फी का रस पेड़ से निकालने के कुछ समय बाद ही प्राकृतिक रूप से किण्वित होने लगता है, जिससे यह हल्का मादक पेय बन जाता है। यही कारण है कि इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण रहा है। हर्षवर्धन ने अपने प्रयोगों के माध्यम से इस फर्मेंटेशन प्रक्रिया की अवधि को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है, जिससे सल्फी की मूल गुणवत्ता और स्वाद को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सके।




### 'बस्तर की संस्कृति से जुड़ी है सल्फी'

सल्फी बस्तर की आदिवासी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इसे स्थानीय लोग बस्तर बीयर के नाम से भी जानते हैं। यह कैरियोटा यूरेन्स नामक ताड़ प्रजाति के पेड़ से निकलने वाला मीठा रस है। ताजा सल्फी का स्वाद नारियल पानी की तरह मीठा और ताजगी भरा होता है, लेकिन कुछ घंटों बाद इसमें प्राकृतिक खमीर बनने लगता है, जिससे यह हल्का नशीला हो जाता है। ग्रामीण और आदिवासी समुदायों में सल्फी का सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर विशेष महत्व है। विवाह, पारंपरिक उत्सव और सामाजिक आयोजनों में इसे प्रमुखता से परोसा जाता है। कई ग्रामीण परिवारों की आजीविका भी सल्फी पर निर्भर है। स्थानीय लोग इसे पेट संबंधी समस्याओं के लिए लाभकारी भी मानते हैं।

### 'जीआई टैग दिलाने का सपना'

हर्षवर्धन का सपना है कि बस्तर की इस पारंपरिक पेय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिले। वे चाहते हैं कि सल्फी को स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक पेय के रूप में प्रचारित किया जाए और भविष्य में इसे बस्तर के लिए जीआई टैग भी प्राप्त हो। उनका मानना है कि यदि सल्फी की गुणवत्ता और उपयोगिता को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाए, तो यह बस्तर के आदिवासी उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का माध्यम बन सकती है।


## पीएम मोदी ने देश का राजनीतिक नक्शा बदल दिया

देश में सबसे सफल राजनीतिक नेता उसे ही माना जाता है जो राजनीति में आने के बाद एक के बाद दूसरा चुनाव जीतकर देश का राजनीतिक नक्शा पूरी तरह बदल दे।पीएम मोदी ऐसे ही नेता हैं। उनके राष्ट्रीय राजनीति में आने के बाद देश का जो राजनीतिक नक्शा था आज १२ साल बाद वह नक्शा पूरी तरह बदल गया है। देश के राजनीतिक नक्शे को देखा जाए तो ७५ प्रतिशत नक्शा भगवा हो गया है।मात्र १२ साल में देश के ७५ प्रतिशत नक्शे भगवा कर देना ऐतिहासिक सफलता है।भाजपा के पुरानी पीढ़ी के नेता पूरे देश व राज्यों में भाजपा के शासन का सपना देखा करते थे। पीएम मोदी भाजपा के वह नेता है जिन्होंने अपने पहले के नेताओं के सपने को पूरा किया है।आज भाजपा नेता गर्व से कह सकते हैं कि बंगाल में भाजपा के जीतने के बाद और तमिलनाडु में द्रमुक के हारने के बाद पीएम मोदी को हराने वाला कोई नेता नहीं बचा है। देश में दो ही राज्य ऐसे थे जहां के नेता अब तक यह दावा किया करते थे कि वह पीएम मोदी हराने वाले नेता हैं।एक ममता बैनर्जी यह दावा किया करती थी वही इस देश में ऐसी नेता हैं जिसने भाजपा को बंगाल मे  तीन बार हराया है, पीएम मोदी को तीन बार हराया है।दूसरे तमिलनाडु के स्टालिन दावा करते थे उनके रहते भाजपा तमिलनाडु जीत नहीं सकती।स्टालिन को भले ही भाजपा व पीएम मोदी ने नहीं हराया है, उनको टीवीके ने हराया है तो इस आधार पर कहा जा सकता है कि अब तमिलनाडु में भाजपा व पीएम मोदी को हराने वाला नेता नहीं है।अब तो यह कहा जा रहा है कि पीएम मोदी को हराने का दावा करने वाले की पार्टी तो बंगाल में चुनाव हारी ही है, वह अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए हैं। चाहे स्टालिन हो या ममता हो दोनों के लिए यह बहुत ही शर्म की बात है कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र में ही चुनाव हार गए। दोनों अपनेअपने राज्य के सीएम और दोनों ही चुनाव हार गए तो इससे बुरी हार तो और कोई हो नहीं सकती।सरल शब्दों में कहा जाए तो दोनों की हार तो नाक कट जाने जैसी है। पं.बंगाल में जनता किसी राजनीतिक दल या नेता को हमेशा सिर पर बिठाने की पक्षधर नहीं रहती है, वह जब किसी राजनीतिक दल को मौका देती है तो खूब मौका देती है, ताकि राजनीतिक दल को शिकायत न रहे की राज्य के विकास के लिए जनता ने उसे मौका नहीं दिया। कांग्रेस को आजादी के बाद से सबसे बड़ा मौका दिया लेकिन पं. बंगाल की जनता को उससे विकास की जितनी उम्मीद थी वह उम्मीद कांग्रेस कई दशकों में पूरी नहीं कर सकी तो जनता ने उसे हटाकर वामपंथी दलों को मौका दिया। तीन दशक तक जनता ने चुनाव में जिताया लेकिन जब देखा कि यह राज्य का अपेक्षित विकास नहीं कर पा रहे हैं और राज्य की राजनीति को बदल कर हिंसा की राजनीति कर दिया है तो जनता ने फिर बदलाव किया।वामपंथियों के इस वहम को तोड़ दिया कि जनता उन पर सबसे ज्यादा भरोसा करती है। जनता किसी राजनीतिक दल पर तब तक ही भरोसा करती है जब तक वह राज्य हित व जनहित में काम करता है जैसे कोई राजनीतिक दल अपने लक्ष्य से भटक जाता है तो जनता उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देती है।वामपंथियों के बाद बंगाल की जनता को ममता से बड़ी उम्मीदें थी लेकिन पंद्रहवें साल में जनता को टीएमसी व ममता में वह सब बुराई दिखाई देनी लगी थी जिसे जनता पसंद नहीं करती है।अहंकार,भ्रष्टाचार व परिवारवाद। इन तीनों बुराई के कारण ही ममता को जनता ने सबसे कम मौका दिया है और सत्ता से १५ साल में उतार दिया है। इस बार के चुनाव ने जिस तरह बंगाल की राजनीति को पूरा बदल दिया है, ठीक वैसे ही तमिलनाडु की राजनीति भी इस चुनाव के बाद बदल गई है। माना जाता है कि छह दशकों से तमिलनाडु की राजनीति में दो ही राजनीतिक दलों की प्रमुख भूमिका रही। सत्ता में द्रमुक या अद्रमुक दोनों में से कोई एक रहता था। दोनों पारी पारी से चुनाव जीतकर सरकार बनाते आ रहे थे पिछली बार यह क्रम द्रमुक ने तोड़ दिया था वह लगातार दूसरी बार चुनाव जीती और फिर से उनकी सरकार बनी। ऐसा अद्रमुक के कमजोर होने के कारण हुआ। अद्रमुक व भाजपा द्रमुक का विकल्प नहीं बन पा रहे थे इसलिए पिछली बार जनता ने द्रमुक को फिर से चुना था इस बार भी ऐसा ही लग रहा था कि जनता के सामने द्रमुक का कोई विकल्प नहीं है,इसलिए जनता तीसरी बार द्रमुक को चुन सकती है लेकिन इस बार एक नए राजनीतिक दल टीवीए के चुनाव मैदान में होने के कारण जनता ने द्रमुक का विकल्प उसे चुना यानी जनता द्रमुक से नाराज थी और जैसे उसका विकल्प उसे मिला जनता ने द्रमुक को सत्ता से बाहर कर दिया है. इसी के साथ तमिलनाडु की द्रविड राजनीति पर सवालिया निशान लग गया है। पीएम मोदी के समय काम के लिए तो याद किया ही जाएगा, देश व राज्यों की राजनीति में बदलाव के लिए भी याद किया जाएगा।

**लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ**

# सोमनाथ: भारत की अजेय आत्मा का प्रतीक !

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



**जय सोमनाथ !**

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है।

हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा।

यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।



दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया।

11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है।

सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भाव है। यही भावना हमें विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में साथ चलने की प्रेरणा देती है।

मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं, जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा, जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

**(नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं तथा श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं।)**

**राजनीति**

# मोदी की भाजपा बंगाल का पुराना वैभव लौटाएगी

**बृजमोहन अग्रवाल**



देश का विरोध करते-करते भगवान राम का विरोध करने वालों का यही हश्र होना था। यशस्वी प्रधानमंत्री श्रद्धेय नरेंद्र मोदी जी और चुनावी रणनीति में बेहद चौकन्ने और अब तक के सर्वोच्च कुशल संगठनकर्ता आदरणीय केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी की शानदार, दमदार और जानदार राजनयिक जुगलबन्दी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने के बाद अब बंगाल पर विजय हासिल करके देश को चौतरफा विकास की ओर  और आगे बढ़ा दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल की 293 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटों की जीत के साथ बंग भूमि को प्राचीन काल की तरह और उर्वर बनाने के लिए बेहद पुख्ता ढंग से काबिज हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की कश्मीर नीति का प्रखर विरोध करते हुए अपनी जान तक गंवाने वाले मां भारती के अजर अमर लाल और पश्चिम बंगाल में ही जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा आज बंगाल में हर तरफ़ भगवा लहराने से संतृप्त हुई होगी। मैं डॉक्टर साहब के अमर बलिदान को याद करते हुए यही कहना चाहूंगा वंदे मातरम, तेरा वैभव अमर रहे मां...अब हम सभी बड़े गर्व से कह सकेंगे कि जहाँ जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वह बंगाल भीहमारा है। अब गंगोत्री से गंगासागर तक हम सभी को पतित पावनी मां गंगा का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। चुनाव परिणाम बंगाल के लोगों की सामूहिक राष्ट्रीय चेतना का भव्य

प्रदर्शन है। यह जीत  देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ है। ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है।  यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है। पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव अखंड भारत के शाश्वत प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह जनादेश उस संकल्प का प्रमाण है कि भारत की आत्मा को कोई दबा नहीं सकता, और राष्ट्रहित की आवाज हमेशा बुलंद होती है। यह विजय जन-जन के विश्वास, समर्थन और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था का परिणाम है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से अभिनंदन है, जिनके अथक परिश्रम, निष्ठा और जनसेवा के भाव ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया है। भाजपा के नव नियुक्त हमारे अध्यक्ष महोदय नितिन नवीन जी के कुशल मार्गदर्शन से पार्टी को ऐसी सुनहरी जीत मिल सकी है। बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वही इस सफलता की असली ताकत है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का कहना है कि आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है। विकास के भरोसे से युक्त हुआ है।चुनाव के बाद यहां एकदम से हालात बदल गए हैं और जज्बात बदल गए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और जन जन में यह विश्वास है कि भाजपा बंगाल को उसका पुराना वैभव देने में अवश्य कामयाब होगी। पहले काँग्रेस फिर वामपंथी दलों और बाद में ममता बनर्जी की अत्याचारी और हिंदू दमनकारी सरकार की वज़ह से कुंद हो चुके हिंदुत्व ने आपसी प्रेम बंधुत्व और भाई चारे के माहौल में अपनी धर्म संस्कृति और संस्कारों के साथ ख़ुशी ख़ुशी जीना शुरू कर दिया है।बंगाल के हिंदुओं के चेहरे में एक अपरिमित ख़ुशी झलक रही है। जिसमें आत्म संतोष के भाव साफ साफ देखें जा सकते हैं। सबसे पहले अंग्रेजों ने उर्वर बंगाल की भूमि का विभाजन कर देश की आर्थिक-सामाजिक संस्कृति को चोट पहुँचाई।  कालांतर में

वामपंथियों ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल में शासन किया और नतीजा यह  रहा कि जो राज्य कभी देश की राजधानी हुआ करता था और विकसित राज्यों की श्रेणी में था वह आज नीचे से भी कहीं नहीं रहा। और फ़िर ममता बनर्जी का आतंक सिंडीकेट माफियाओं ने इस राज्य के लोगों के अमन चैन और ख़ुशहाल संस्कृति का सत्यानाश कर डाला। ममता राज में तो  लूट-पाट, डकैती, सरे आम हत्या आगजनी और बमबारी  बंगाल की दिनचर्या हो गई। बंगाल में वामपंथियों ने अपने विरोधियों के साथ ऐसा व्यवहार किया कि सात पुश्तों तक ये लोग कभी नहीं भूल सकते हैं। लेकिन अब सब बदल जाएगा।  2008 के सिंगूर और नंदीग्राम आंदोलन (भूमि अधिग्रहण विवाद) के कारण वामपंथियों का वर्चस्व समाप्त करते हुए 2011 में राज्य की सत्ता में आई ममता बनर्जी ने अपनी सत्ता को हर हाल में क़ायम रखने के लिए अनगिनत ग़ैर कानूनी गतिविधियों को बढ़ावा दिया।अपने शासन में बंगाल का खूब औद्योगिक पतन कराया और यहां राजनीतिक हिंसा में समय के साथ लगातार वृद्धि भी होती रही।  'मां, माटी, मानुष' के नारे के साथ वामपंथी सत्ता को उखाड़ फेंक सत्ता में आई ममता बनर्जी ने बाद में माँ माटी मानुष को भूलते हुए बुनियादी ढांचे के विकास, कन्याश्री जैसी कल्याणकारी लोक लुभावन योजनाओं और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति पर ही ध्यान केंद्रित कर लिया। उनके

संपूर्ण शासनकाल में राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार के आरोप सहते हुए बंगाल को उसका पुराना वैभव लौटाने में संघर्षरत विपक्षी भाजपा को हर समय ममता बनर्जी से कड़ी टक्कर मिली। भाजपा ने ममता बनर्जी के खिलाफ़ राजनयिक वर्चस्व की ज़ंग और खून खराबे में अपने सैंकड़ों कार्यकताओं को खोया है।आज बंगाल की इस यादगार जीत से उनकी सभी की आत्मा को शांति



मिली होगी।बंगाल की यह जीत, उन सभी कार्यकर्ताओं को ही समर्पित है, जिन्होंने संघर्ष करते हुए अपनी जान गंवाई है। पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम काफ़ी कुछ बतानेवाले हैं। वे चुनाव परिणाम काफ़ी चौकाने वाले इसलिए नहीं हैं कि यह तो होना ही था। लोगों को आप हर समय पागल और बरगला नहीं सकते हैं। गत 45 वर्षों

वर्षों से प्रचारित और प्रसारित बंगाल की बौध्दिक प्रगति  हम सभी को यही समझाती रही कि देश, समाज, राष्ट्रीय हित इत्यादि बंगाल में नहीं चलता है। गत 45 साल यहां के धर्मिक और सामाजिक साथ ही मेहनती और लगनशील लोगों की आवाज को इन्हीं तथाकथित प्रगतिशील लोगों ने दबाकर रखा था जो  बंगाल चुनाव परिणाम के रूप में साकार हुई है। बंगाल अब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कुशल प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ साथ धार्मिक संस्कारों में फलीभूत होते हुए फ़िर से अपनी उर्वरता हासिल करते हुए देश को और विकसित करने में अपना शाश्वत योगदान देता रहेगा। **समूचे बंगाल को इन्हीं शुभकामनाओं के साथ**

## राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का श्रेष्ठ ध्येय लिये है विद्या भारती

**संतोष श्रीवास्तव "सम"( विद्या वाचस्पति)**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की स्थापना के पीछे राष्ट्र की गहन शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सोच थी। सर्वप्रथम 1952 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ के नानाजी देशमुख के द्वारा प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर खोला गया था। बाला साहेब देवरस इस विद्यालय के संस्कृति एवं प्रचार प्रसार का कार्यक्रम प्रमुख से देखा करते थे। स्वतंत्रता के पश्चात यह एक ऐसा शिक्षा संस्थान है, जो आज संपूर्ण देश में अपनी एक पृथक पहचान बनाया हुआ है। इसकी अनेक शाखाएं विभिन्न राज्यों, जिलों में खोली गई है।  इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के रायपुर में सरस्वती शिक्षा संस्थान की स्थापना 4 दिसंबर 2013 को की गई थी। विद्या भारती के राष्ट्र व्यापी अभियान में सरस्वती शिक्षा संस्थान ने अपनी अहम् भूमिका निभाई है। आज प्रत्येक नगर, जिले ही नही ग्रामों में भी यह विद्यालय अपने कार्य को अंजाम दिया हुआ है। विद्या भारती के द्वारा संचालित यह विद्यालय पठन पाठन तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसका उद्देश्य  राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण करना है। इसी मूलभूत उद्देश्य को महत्व प्रदान करते हुए इस संस्था ने अपना कार्य प्रारंभ किया था। विद्यालय शिक्षा के केंद्र होते हैं। जो शिक्षा किसी अबोध विद्यार्थी को दी जाती है वह शिक्षा सिर्फ उस विद्यार्थी तक ही सीमित नहीं होती है, बल्कि भावी कल में एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले लेती है। व्यक्ति मात्र एक माध्यम होता है किसी भी शिक्षा को प्रसारित या विस्तारित करने का। आज यदि शिक्षा से राष्ट्रीय भावनाओं को परे कर दिया जाए, तो उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं रह जाता।  200 वर्षों की गुलामी के पश्चात आज हमारा देश स्वतंत्र है। इसके पूर्व यह विदेशी साम्राज्य से ग्रसित था। उनके हम गुलाम थे। उनकी शैक्षिक व्यवस्थाएं हम पर लादी गई थी। हमारी प्राचीन सभ्यता, शैक्षिक व्यवस्थाओं, गुरुकुलों को नष्ट कर दिया गया। अंग्रेजी शिक्षा हावी हो गई। और कुछ इस तरह से स्थापित हुई कि आज भी हम सबके सर चढ़कर बोल रही है। अंग्रेजी की इसी विस्तार वादी सोच की वजह से हम सब अपनी ही संस्कारित श्रेष्ठ शिक्षा से पृथक रह गये।  हमारे धर्म में स्पष्ट गुरु शिष्य परंपरा का उल्लेख है। जीवन के रहस्य का उल्लेख है। ज्ञान को जीवन का उद्देश्य माना गया है। ज्ञान प्राप्ति ही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य माना गया है। यदि हम गौतम बुद्ध से महावीर एवं तमाम ऋषि मुनियों की बात करें तो सभी ने अपने जीवन का अंतिम ध्येय ज्ञान प्राप्ति को ही माना है। यह ज्ञान कोई सामान्य सा ज्ञान नहीं, बल्कि विशाल आध्यात्मिक ज्ञान से पूर्ण है। नैतिकता एवं आध्यात्मिकता ने जीवन के मूल्य को बढ़ाया है। और जीवन का होना सार्थक किया है।  आज यदि हम स्कूली पाठ्यक्रम की बात करें तो सिर्फ कुछ चंद बातों का ज्ञान रखने तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सिमट कर रह गई है। कैसे बाबू बनाकर किसी के जीवन को बांध दिया जाये, कैसे किसी नौकरी के बंधन में बांधकर मानव की स्वतंत्रता नष्ट कर दी जाये। ऐसी परंपराएं आज हमारी शिक्षा व्यवस्था में निहित है। सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा इससे परे हैं। क्योंकि यह कुछ चंद ज्ञान की बातें जो जीने के लिए आवश्यक है, वहीं तक सीमित नहीं रखती है, बल्कि व्यक्ति के जीवन का सांस्कृतिक प्रकटीकरण कैसा हो, इसे सहजता से इंगित करता है। ऐसी तमाम गतिविधियों को विद्यार्थियों में समावेशित किया जाना है। विद्या भारती के द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर अन्य विद्यालयों से इसलिए अपनी एक अलग पहचान रखता है, क्योंकि यह राष्ट्र की बात करता है। राष्ट्रभक्ति की बात करता है। राष्ट्रीयता का भाव इसमें निहित है। यह शिक्षा संस्थान विशाल भारतीय संस्कृति को अपने जीवन में अंगीकार करता है। इस देश के मूल हिन्दू धर्म को ग्रहण कर उस पर चलने की बात करता है।  जिस उद्देश्य को लेकर जो गुरुकुल प्राचीन काल में चला करते थे, यदि वैसे ही कार्यों को किसी के द्वारा किया जा रहा है तो वह इस संस्थान के माध्यम से हो रहा है। शिक्षा का आमूल चूल परिवर्तन समाज का परिवर्तन है। इस संपूर्ण समाज को किसी शिक्षा संस्थान द्वारा सांस्कृतिक ऊंचाई पर लाकर खड़ा किये जाने प्रयास जारी किया हुआ है, तो वह सरस्वती शिक्षा संस्थान है। और उसके द्वारा पूरे प्रदेश में संचालित हो रहे सरस्वती शिशु मंदिर है। जहां पर भटकाव नाम की कोई चीज नही है। बल्कि स्वतंत्रता का सही स्वरूप दृष्टिगत होता है।

## एक नजर

### उच्च न्यायालय ने कोंड़ागांव कलेक्टर को जारी किया अवमानना का नोटिस



**कोंड़ागांव, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के सामाजिक भवन हस्तांतरण के मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा अपने जारी निर्देश पर समय सीमा में कार्यवाही नहीं करने पर दायर अवमानना याचिका को संज्ञान में लेकर कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले के आवेदक पनकू राम नेताम ने बताया कि उनके द्वारा जिला कलेक्टर कोण्डागांव के समक्ष 4 जून 2025 को आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका लगाया, जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा 8 जुलाई 2025 को आदेश पारित करते हुए जल्द से जल्द भवन हस्तांतरण मामले की कार्यवाही करने का निर्देश कोण्डागांव कलेक्टर को दिया गया था। जुलाई से लेकर अप्रैल 2026 तक कोण्डागांव कलेक्टर द्वारा भवन हस्तांतरण मामले की कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश का पालन नहीं करने पर अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश की अवमानना का याचिका लगाया गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर की एकल बैंच ने कलेक्टर कोण्डागांव नुपुर राशि पन्ना को मंगलवार 5 मई को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 12 मई को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**जगदलपुर, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक शानदार अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर द्वारा मंगलवार 12 मई को एक दिवसीय विशाल प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के समीप आड़ावाल स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित होने वाला यह कैंप सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 305 विभिन्न पदों पर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। इस भर्ती अभियान के तहत पैरामाउंट ह्यूमन रिसोर्स द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन के 300 पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है, जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12 वीं अथवा इलेक्ट्रिकल व वायरिंग में आईटीआई निर्धारित की गई है। इस पद के लिए चयनित युवाओं को 16,500 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कायजेन मोटोवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सेल्स ऑफिसर के 5 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए स्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए कार्यक्षेत्र जगदलपुर, कोण्डागांव और दंतेवाड़ा तय किया गया है, जहाँ चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 रुपए मासिक वेतन प्राप्त होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया गया है कि वे रोजगार विभाग के अधिकृत पोर्टल मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद पर जाकर आगामी रोजगार मेला विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें। ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाइन आवेदन करने से चूक जाते हैं, वे आयोजन के दिन सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच कैंप स्थल पर ही अपना पंजीयन करा सकेंगे। कैंप में शामिल होने के लिए आवेदकों को अपने साथ शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, उनकी एक सेट छायाप्रति और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

### निगम में 16 साल का संपत्ति कर एकमुश्त जमा

**जगदलपुर 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका निगम जगदलपुर में एक करदाता ने 16 वर्षों का बकाया संपत्ति कर एकमुश्त जमा कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। बुधवार को निगम कार्यालय में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा एवं सहायक राजस्व निरीक्षक साधु राम बघेल की उपस्थिति में आर.एन. ठाकुर व प्रसून ठाकुर ने कुल 68,264 रुपये की राशि जमा की। नगर निगम द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों पर वार्षिक संपत्ति कर लगाया जाता है, जो निगम के राजस्व का प्रमुख स्रोत है। यह कर संपत्ति के मूल्यांकन, स्थान, आकार और निर्माण के प्रकार के आधार पर निर्धारित किया जाता है। समय पर कर जमा नहीं करने पर उस पर ब्याज भी लगाया जाता है। इस अवसर पर राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने करदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नागरिक समय पर अपना कर जमा करें।

# खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत अस्पताल केंटीन व दुकानों में किया गया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 08 मई।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग और नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार ''सही दवा शुद्ध आहार- यही छत्तीसगढ़ का आधार'' थीम पर चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के आठवें दिन जिला अस्पताल बीजापुर में संचालित केंटीन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। लेकिन वहां कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं मिली। अधिकारियों ने इन्हें शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मां दंतेश्वरी ढाबा का भी निरीक्षण किया गया जहां डाइनिंग हॉल के टेबलों में पर्याप्त सफाई नहीं पाई गई। साथ ही यहां भी कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और पानी की जांच रिपोर्ट अनुपस्थित मिली। संचालक को कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने, पानी की गुणवत्ता जांच करवाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अभियान के नौवें दिन नैमेड़ क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। बस स्टैंड के आसपास स्थित दुकानों में निरीक्षण के दौरान बजरंग किराना स्टोर्स में एक बोरी एक्सपायर्ड दलिया और युवराज किराना स्टोर्स में बालूशाही, बूंदी लड्डू, सोनपापड़ी, तिल लड्डू, पतंजलि दूध बिस्कुट, टाइगर दूध बिस्कुट, ब्रिटानिया मेरी गोल्ड, मिल्क बिकिस, अनमोल रस्क सहित कई एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री पाई गई।



अधिकारियों ने मौके पर ही इन एक्सपायर्ड वस्तुओं को नष्ट कराते हुए संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही निर्देश दिए गए कि खाद्य सामग्रियों की नियमित जांच करें और एक्सपायर्ड वस्तुओं को तत्काल हटाएं। अभियान के दौरान दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी भी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों और व्यापारियों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और सुरक्षित दवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी है।

# भाजपा ने जगदलपुर शहर को 24 करोड़ 72 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 मई।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार का दिन शहर में विकास की नई इबारत लिखने वाला रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव, सांसद श्री महेश कश्यप एवं महापौर श्री संजय पांडे ने 24 करोड़ 72 लाख 60 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया । इस व्यापक अभियान में शहर में ऐतिहासिक दलपत सागर का विकास व सौंदर्यीकरण,सड़क संपर्क व अधोसंरचना के विकास कार्यों का रहा। जो बस्तर के समग्र विकास के प्रति राज्य सरकार की संकल्प व प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नगर पालिक निगम क्षेत्र में बस्तर का ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर का विकास व सौंदर्यीकरण कार्य मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना से जिसकी लागत 09 करोड़ 88 लाख 53 हजार रुपए से दलपत सागर का विकास व सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा। वहीं मुक्तिधाम से समुंद चौक से पावर हाऊस



से पंच पथ चौक से आमागुड़ा चौक तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य लागत 10 करोड़ 06 लाख रुपए से निमार्ण कार्य किया जायेगा। चित्रकोट मार्ग में पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य लागत 02 करोड़ 26 लाख रुपए से शिफ्टिंग का कार्य किया जायेगा। वहीं शहर में विभिन्न वार्डों सिविल लाइन वार्ड में 10 लाख से सीसी सड़क निर्माण,सदर वार्ड में 9.96 लाख से आरसीसी नाली निर्माण,प्रतापदेव वार्ड में 9.96 लाख नाली निर्माण,बालाजी वार्ड में 9.90 लाख नाली निर्माण, मोतीलाल नेहरू वार्ड में 9.94लाख सीसी सड़क, इंदिरा वार्ड में पुलिया निर्माण लागत 09.98 लाख रुपए,रमैया वार्ड में सड़क लागत 7.47 लाख,दलपत सागर में सीसी सड़क निर्माण 9.64 लाख, दीनदयाल उपाध्याय में 10 लाख रुपए, दंतेश्वरी वार्ड में लगभग 19 लाख रुपए से नाली निर्माण, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में 7.52 लाख रुपए से सीसी सड़क व पुलिया निर्माण, गंगा नगर वार्ड में लगभग 19.50 लाख रुपए से आरसीसी नाला निर्माण कार्य,जवाहर नगर में 8.26 से नाली निर्माण, शांति नगर में 4.03 लाख रुपए, स्वामी विवेकानंद वार्ड में 05 लाख रुपए से सड़क व नाली, अनुकूल देव वार्ड में 9.98लाख शेड व सड़क निर्माण,संजय गांधी वार्ड में 11 लाख रुपए से शेड निर्माण कार्य, गुरु गोविंद सिंह वार्ड में 13 लाख रुपए से नाली निर्माण, लोकमान्य तिलक वार्ड में 19.50 लाख रुपए से सीसी सड़क निर्माण कार्य, अब्दुल कलाम वार्ड में 9.15 लाख से नाली निर्माण, चंद्र शेखर आजाद वार्ड में 11 लाख से सड़क निर्माण,मदन मोहन मालवीय वार्ड में 6लाख से निमार्ण कार्य,महाराणा प्रताप में लगभग 21 लाख की लागत से नाली एवं सड़क निर्माण कार्य के विकास कार्यों का जिसका कुल लागत 24 करोड़ 72 लाख 60 हजार रुपए के कार्यों का विधिवत भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव , सांसद श्री महेश कश्यप एवं महापौर श्री संजय पांडे व जनप्रतिनिधियों के द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने और बुनियादी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बस्तर की जनता पर भाजपा सरकार का नया हमला

■ बिजली दरों में 20-24% भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव, आम आदमी की जेब पर डाका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 मई।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली दरों में प्रस्तावित भारी बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की है। कंपनी ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए औसतन 20-24 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है, जिससे बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता पर महंगाई का नया बोझ पड़ेगा।सुशील मौर्य ने कहा किः BJP सरकार पहले 'आधी बिजली बिल का ढोंग रचती थी, लेकिन अब सत्ता में आते ही जनता की जेब काटने पर उतर आई है। बस्तर के आदिवासी भाई-बहन, किसान, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्गीय परिवार पहले से महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। अब बिजली बिल में 20-24त्न की बढ़ोतरी उनके लिए घातक साबित होगी।

घरेलू उपभोक्ताः मध्यम परिवारों का मासिक बिजली बिल 25-35त्न तक बढ़ सकता है। कृषि क्षेत्रः किसानों पर अतिरिक्त बोझ, जबकि बस्तर के दूर-दराज के इलाकों में सिंचाई पहले ही चुनौतीपूर्ण है। टाइम ऑफ डे टैरिफः शाम 5 से 11 बजे तक अतिरिक्त शुल्क, जब परिवारों में बिजली का सबसे अधिक उपयोग होता है। छात्र-युवा और छोटे व्यवसायः जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर सहित बस्तर डिवीजन के लाखों उपभोक्ता प्रभावित होंगे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि बिजली कंपनी घाटे का रोना रो रही है, लेकिन बिजली चोरी, उच्च ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन लॉस और प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता पहले से खराब है, फिर भी बिल महंगे करने की साजिश रची जा रही है। बिजली दरों में प्रस्तावित किसी भी बढ़ोतरी को तुरंत खारिज किया जाए। CSPDCL के घाटे की स्वतंत्र जांच कराई जाए। बिजली चोरी और लाइन लॉस कम करने के लिए बस्तर में विशेष अभियान चलाया जाए। आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पर्याप्त सब्सिडी सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक सुनवाई में बस्तर की जनता की आवाज को प्राथमिकता दी जाए। सुशील मौर्य ने बस्तर की जनता से अपील की कि वे इस मुद्दे पर एकजुट हों और अपने स्थानीय विधायकों, बिजली कंपनी के अधिकारियों तथा नियामक आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएं।BJP सरकार जनता विरोधी नीतियों पर अडिग है, लेकिन कांग्रेस बस्तर की जनता के साथ खड़ी है। हम इस लड़ाई को और तेज करेंगे।

# देव ने डिजिटल ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान कर 6.25% छूट का लिया लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 मई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने अपने निवास का वित्तीय वर्ष 2026 -27 वर्ष का डिजिटल ऑनलाइन के माध्यम से संपत्ति कर का भुगतान कर आनलाइन जमा किया एवं शासन द्वारा दिशा निर्देशानुसार 6.25त्न का छूट का लाभ भी मिला। निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन ने भी डिजिटल ऑनलाइन के माध्यम से अपना संपत्ति कर जमा किया।

विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने कहा नगर वासियों को घर बैठे डिजिटल ऑनलाइन के माध्यम से करो का भुगतान करने की अपील की है। नगर निगम द्वारा लोगों को सुविधा उपलब्ध करते हुए अब



अपने-अपने मकानो का समेकित संपत्ति कर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। विधायक ने कहा सभी करदाता अपने-अपने मकानों दुकानों का समेकित संपत्ति कर, जलकर सही समय में जमा कर छूट का लाभ ले सकते हैं।

महापौर संजय पांडे ने कहा नगर पालिका निगम जगदलपुर के अंतर्गत समस्त संपत्ति कर दाताओं को करो का भुगतान कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 01अप्रैल 2026 से 31 में 2026 तक 6.25% की छूट दिया गया है।

### महिला विरोधी केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल तत्काल लागू करें:सुशील मौर्य

जगदलपुर 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश व प्रदेश में घरेलू/कमर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों की वृद्धि के विरोध में व 543 सीटो पर महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ शहर के बस स्टैंड चौंक में विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कहा कि वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। लोकसभा एवं विधानसभा की सभी आरक्षित सीटों पर महिलाओं को पूरा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**कोंड़ागांव, 8 मई ।** जिले की सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चिपावण्ड डोंडिया पारा में शराब पीने को लेकर आरोपी पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम का अपनी पत्नी सुखदई कोर्राम से हुए विवाद में आरोपी पति ने घर में रखे मोटे डंडे से अपनी पत्नी के सिर पर वार कर फरार हो गया। उपचार के दौरान पत्नी सुखदई कोर्राम की मौत हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी पीतम उर्फप्रीतम कोर्राम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 मई 2026 को प्रार्थी सिंगलु मण्डावी पिता लच्छन मण्डावी निवासी चिपावण्ड डोंडीयापारा ने रिपोर्ट दर्ज



कराया कि 30 अप्रेल2026 को ग्राम खड़का के लोग बताए कि उसका साला पितम कोर्राम शराब पीकर उसकी पत्नि को गाली गलौज करते हुए सिर पर डण्डा से वार किया है, जो बेहोश पड़ी है। सूचना पर प्रार्थी जाकर देखा तो उसका साला पितम कोर्राम उसे देखकर वहां से भाग गया। तब सुखदई कोर्राम को उनके पड़ोसियों के मदद से अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर ईलाज के लिए रायपुर डीकेएस अस्पताल में ले जाकर भर्ती किये जहां पर ईलाज के दौरान श्रीमति सुखदई कोर्राम की 3 मई 2026 को मृत्यु हो जाने की रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 139/2026 धारा 103(1) बीएनएस कायम कर अग्रिम विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी पीतम उर्फप्रीतम कोर्राम पिता स्व. कार्तिक कोर्राम उम्र 35 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम चिपावण्ड डोंडिया पारा से पूछताछ करने पर बताया कि उसकी पत्नी उसे शराब पीने के कारण बार-बार ताना मारती थी। जिससे वह परेशान हो गया था, जिसके कारण उसने अपनी पत्नी की घर में रखे मोटे डंडे से उसके सिर पर वार कर घटना कारित करना स्वीकार्य करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत आज गंरूवार को आरोपी पति पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरी. राज कुमार कोमरा, प्र0आर0 अशोक मरकाम, सायबर सेल से सउनि. सुरेन्द्र बघेल, आरक्षक संतोष कोड़ोपी बिरजू सोरी का योगदान रहा ।

## प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में 63 परीक्षार्थी उपस्थित, 52 अनुपस्थित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार 7 मई को आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। जगदलपुर शहर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को इस परीक्षा के लिए समन्वय केंद्र बनाया गया था, जहां सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक परीक्षा संचालित की गई। इस केंद्र पर परीक्षा के लिए कुल 115 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 63 छात्र उपस्थित हुए और 52 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन हेतु जिला प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले ही केंद्र पर बुला लिया गया था। मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी की सघन जांच की गई और इसके उपरांत ही उन्हें भीतर प्रवेश की अनुमति दी गई। प्रवेश के दौरान शिक्षकों द्वारा इंटरनेट से प्राप्त साफ-सुथरे मूल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान कर गहन सत्यापन किया गया। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं थी, उन्हें दो वर्तमान रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने के निर्देश दिए गए थे। इस परीक्षा के लिए एक विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था, जिसका कड़ाई से पालन कराया गया।

जिला प्रशासन द्वारा उक्त परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनके मार्गदर्शन में शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सहायक समन्वयक डॉ. अजय सिंह ठाकुर ने परीक्षा का सफल समन्वय सुनिश्चित किया।

### सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजर भर्ती के लिए 11 मई से शुरू होंगे ब्लॉक स्तरीय शिविर

**जगदलपुर, 8 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें निजी क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण बस्तर द्वारा कैप्सटन सर्विसेज लिमिटेड हैदराबाद के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडों में सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए विशेष प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएगी, ताकि ग्रामीण अंचलों के युवाओं को उनके घर के पास ही रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल सके। इस भर्ती अभियान की शुरुआत आगामी 11 मई को जनपद पंचायत बस्तर से होगी, जिसके बाद सिलसिलेवार ढंग से जिले के अन्य हिस्सों में शिविर लगाए जाएंगे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर में किसानों को आधुनिक खेती के प्रति किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 मई।** भारत सरकार द्वारा किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित महत्वाकांक्षी विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 के तहत बस्तर जिले के ग्रामीण अंचलों में ज्ञान और तकनीक की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में आज गुरुवार को जगदलपुर विकासखंड के ग्राम आड़ावाल में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के मार्गदर्शन में किया गया। ग्राम सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस शिविर में कृषि और संबद्ध विभागों के विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को आधुनिक खेती और पशुपालन के गुर सिखाए।

शिविर के दौरान कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने ग्रामीण विकास के लिए तकनीकी नवाचारों पर जोर देते हुए नील हरित शैवाल के लाभ, उन्नत नस्लों के चयन और पराली प्रबंधन जैसी ज्वलंत समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. जागेश्वरी तिग्गा और श्रीमती वेणुलता कोड़ोपी जैसे विशेषज्ञों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे किसान इन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं।





कार्यक्रम में तब एक विशेष उत्साह देखा गया जब वेटनरी पॉलीटेक्निक के 16 विद्यार्थियों ने भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने पशुपालन के आर्थिक महत्व और विभाग की योजनाओं को इतने सरल और आकर्षक अंदाज में पेश किया गया। इस ज्ञानवर्धक शिविर का सकारात्मक असर मौके पर ही देखने को मिला, जहाँ बड़ी संख्या में किसानों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु तत्काल आवेदन जमा किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शैलेश कुमार मरकाम, पटवारी खीरेंद्र ध्रुव, सचिव श्रीमती तुलसी साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पशु सखियों और मितानिनों का विशेष योगदान रहा। सामूहिक भागीदारी और उत्साह के बीच संपन्न हुए इस शिविर ने आड़ावाल के किसानों को उन्नत और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक नई ऊर्जा प्रदान की है।

# सुशासन तिहारः शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का सीधा लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित सुशासन तिहार लोगों के लिए राहत और भरोसे का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसी क्रम में आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, 22 ग्राम पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं, मांगें और आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में 800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, प्रमाण-पत्र, सहायता राशि एवं सामग्री वितरित की गई, जिससे ग्रामीणों में उत्साह के साथ शासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ।शिविर में जनपद पंचायत से संबंधित 273, पंचायत विभाग के 227 तथा राजस्व विभाग के 165 आवेदन प्राप्त हुए। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी। जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का एक प्रभावी मंच बनकर सामने आया है। इससे लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना नहीं पड़ रहा और योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शिविर का अवलोकन करते हुए विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में पहुंचे अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण नायक, खितेश्वर सिदार, मुक्तेश्वर पंडा, दिनेश चौहान, गोपी चौधरी, सूरज श्रीवास्तव, विजय सिदार, जैमिनी गुप्ता, सरपंच लक्ष्मी नायक, मीता डेहरी, योगिता पटेल सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम रायगढ़ श्री महेश शर्मा, अतिरिक्त सीईओ श्री महेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।शिविर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 स्वच्छता ग्राहियों एवं ग्राम पंचायत गढ़उमरिया को स्वच्छता कर वसूली हेतु प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। बिहान योजना के तहत महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों को ÷लखपति दीदी÷ प्रमाण-पत्र दिया गया, वहीं किरण एसएचजी महिला समूह को 15 हजार रुपए का चेक वितरित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समर्थ पोर्टल में सर्वाधिक कर संग्रहण के लिए ग्राम पंचायत गढ़उमरिया, झारमुड़ा एवं खोखरा को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम संपदा एप में सर्वाधिक परिसंपत्तियों के जियो टैग हेतु ग्राम पंचायत बेलपाली, कर्राजोर एवं औरदा को पुरस्कृत किया गया।सहकारिता विभाग के तहत 5 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य कृषक हिमांचल साव को आईस बॉक्स तथा सोमनाथ एवं राधे साव को मछली पकड़ने के जाल प्रदान किए गए। सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग लाभो कुर्रे एवं गंगाराम साव को पेंशन स्वीकृति आदेश सौंपा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत औरदा की जयंती साव एवं अहिल्या पाव, जकेला के चन्द्रमा तथा सुकुलभठली के माला प्रधान, संतराम विशाल एवं रामकुमार चौहान को आवास की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गई। इसी क्रम में 8 मई शुक्रवार को खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-सरवानी स्थित हाईस्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

## एक नजर

### सुशासन तिहार में विनोद मिंज को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल



**रायगढ़, 8 मई ।** जीवन की छोटी-छोटी जरूरतें भी तब बड़ी चुनौती बन जाती हैं, जब शारीरिक असुविधा के कारण हर कदम दूसरों पर निर्भर होकर उठाना पड़े। लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुइयापानी निवासी श्री विनोद मिंज भी लंबे समय से ऐसी ही कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। आवागमन में परेशानी के कारण दैनिक कार्यों के साथ सामाजिक गतिविधियों में शामिल होना भी उनके लिए आसान नहीं था। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम झगरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। शिविर में उन्होंने दिव्यांगजन हेतु मोटराइज्ड ट्राई सायकल उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही समाज कल्याण विभाग ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ की।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री शिवशंकर पांडेय ने बताया कि विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद पंचायत लैलूंगा में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रीति नायडू, गणमान्य नागरिक श्री कृष्ण यादव एवं सरपंच श्री दिनेश भगत के हाथों श्री विनोद मिंज को मोटराइज्ड ट्राई सायकल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राई सायकल मिलने से अब श्री विनोद मिंज का आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो सकेगा। इससे न केवल उनके दैनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। लंबे समय से जिस समस्या के कारण उनका जीवन सीमित होता जा रहा था, उसका समाधान अब उनके लिए नई ऊर्जा लेकर आया है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं जिस संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंदों तक पहुंच रही हैं, यह पहल उसका एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आई है। दिव्यांग श्री विनोद मिंज ने सहायता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार जताया।

### सुशासन तिहार के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को मिल रही नई पहचान




**रायगढ़, 8 मई।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप निर्माण श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं के तहत जिले में श्रमिक पंजीयन अभियान को गति दी जा रही है। श्रम विभाग एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से पात्र निर्माण श्रमिकों को पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में राजमिस्त्री, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर सहित निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है।ग्राम लोइंग निवासी गौरी निषाद ने बताया कि सुशासन तिहार शिविर में उनका श्रम पंजीयन कराया गया, जिससे उन्हें शासन की योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि पहले उन्हें इस प्रकार की सुविधाओं और प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं थी, लेकिन शिविर के माध्यम से उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं और पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी मिली। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा शिविर के माध्यम से पंजीयन अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ा जा सके। पंजीकृत श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नियमानुसार प्रदान किया जा रहा है।

# 51 फीट ऊंची बजरंगबली की कांस्य प्रतिमा की होगी स्थापना,ओ.पी.चौधरी ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 मई ।** रायगढ़ शहर के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र गजमार पहाड़ मंदिर भव्य पर्यटन स्थल बनेगा। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने यहां प्रस्तावित 51 फीट ऊंची भव्य कांस्य बजरंगबली प्रतिमा स्थापना के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्री अरुणधर दीवान, श्री गुरूपाल भल्ला, सामाजिक संगठनों के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर ÷जय श्री राम÷ और ÷जय बजरंगबली÷ के जयघोषों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा भक्तिमय वातावरण बना रहा।

पूजा-अर्चना के पश्चात विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ केवल औद्योगिक और सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ पर स्थापित होने जा रही 51 फीट ऊंची कांस्य बजरंगबली प्रतिमा रायगढ़ के लिए गौरव का विषय होगी। लगभग 10 टन वजनी यह प्रतिमा जनसहयोग से निर्मित की जाएगी, जो शहरवासियों की आस्था और सहभागिता का प्रतीक बनेगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पहाड़ मंदिर पहले से ही श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अब भव्य प्रतिमा स्थापना के बाद यह स्थल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल होगा। इससे न केवल धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन, रोजगार और छोटे व्यापारों को भी नई गति मिलेगी। धार्मिक स्थलों का विकास केवल आस्था से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करता है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से बनने वाली यह प्रतिमा समाज की सामूहिक शक्ति और श्रद्धा का प्रतीक होगी। श्रद्धालुओं में इस भव्य प्रतिमा को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली।

# सुशासन तिहार शिविर में पंचायत दर्पण क्यूआर कोड बना आकर्षण का केंद्र

**रायगढ़, 8 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत रायगढ़ जिले के पुसौर जनपद के ग्राम औरदा में आयोजित समाधान शिविर में डिजिटल पारदर्शिता की अनूठी पहल देखने को मिली। शिविर के दौरान क्लस्टर की सभी 22 पंचायतों के ÷पंचायत दर्पण÷ क्यूआर कोड का प्रदर्शन किया गया, जिसने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे सहित, जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी इसका अवलोकन किया।शिविर में उपस्थित जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर पंचायतों की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और मनरेगा संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस डिजिटल पहल के माध्यम से पंचायत स्तर पर संचालित गतिविधियों की जानकारी कुछ ही क्षणों में उपलब्ध होने लगी, जिससे लोगों में उत्साह देखने को मिला।ग्रामीणों ने भी उत्सुकता के साथ क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी पंचायतों की जानकारी देखी। पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करने वाला नवाचार बताया। विशेष रूप से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में इसे प्रभावी कदम माना गया।

# धमतरी में 150 करोड़ के कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र स्थापना पर मंथन

**धमतरी, 8 मई ।** जिले में औद्योगिक विकास एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं ऑयल इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में धमतरी जिले में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से कंप्रेस्ड बायो गैस (ष्ठक्व्न) संयंत्र की स्थापना को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।प्रस्तावित संयंत्र से जिले में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही कृषि अवशेषों, विशेषकर धान आधारित अपशिष्ट एवं अन्य जैविक संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो सकेगा।

बैठक में ऑयल ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतनु कुमार सैकिया, महाप्रबंधक श्री राजीव कुमार तमुली तथा ऑयल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सलाहकार श्री सुदीश कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिले में उपलब्ध कृषि संसाधनों, जैविक कच्चे माल, परिवहन सुविधाओं एवं निवेश संभावनाओं का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया।कलेक्टर श्री मिश्रा ने निवेशकों को जिले में उद्योग स्थापना हेतु उपलब्ध भूमि, अधोसंरचना, परिवहन नेटवर्क तथा प्रशासन की ओर से प्रदान किए जाने वाले आवश्यक सहयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धमतरी जिला कृषि आधारित उद्योगों एवं हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण रखता है तथा प्रशासन निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।बैठक में खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

# जिले की सभी 550 पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस मनाया गया

**रायगढ़, 8 मई ।** शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले की सभी 550 ग्राम पंचायतों में आज चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एव÷आवास दिवस÷ का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संबंधित लंबित समस्याओं का पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करना रहा।




आवास दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित विभिन्न आवास योजनाओं के तहत स्वीकृत सभी आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण कराने हेतु विस्तृत कार्ययोजना साझा की गई। हितग्राहियों को उनके बैंक खातों में हस्तांतरित राशि की जानकारी दी गई तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को वर्षा जल संचयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं सोख्ता गड्ढा निर्माण के प्रति जागरूक किया गया। लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। रोजगार दिवस के अंतर्गत मनरेगा के तहत संचालित सभी कार्यों को मई माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। ग्रामीणों की मांग के आधार पर नए कार्य प्रारंभ करने पर भी चर्चा हुई, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

मोर गांव-मोर पानी-मोर तरिया अभियान के तहत ÷नवा तरिया-आय के जरिया कार्ययोजना पर विशेष चर्चा की गई। इसके अंतर्गत सभी क्लस्टर लेवल फेडरेशन को मई माह के भीतर तालाब निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। जल संरक्षण अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

### क्यू आर कोड से बढ़ी पारदर्शिता

प्रशासन द्वारा योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने हेतु डिजिटल पहल भी की गई है। अब अमृत सरोवर एवं नागरिक सूचना पटलों पर लगाए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर नागरिक प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। आजीविका डबरी के माध्यम से ÷लाइवलीहुड लेयरिंग÷ योजना को अंतिम रूप दिया गया तथा सूचना पटलों पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं के नाम भी अंकित किए गए।

## सुविधा



### सड़क दुर्घटना के घायलों को मिल रही पीएम-राहत योजना की सुविधा

**रायगढ़, 8 मई।** भारत सरकार की पीएम-राहत (प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एण्ड एस्योर्ड ट्रीटमेंट) योजना का कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित एवं कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रुपए तक का कैशलेस उपचार जिले के पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटना के बाद शुरुआती समय में तत्काल उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे गंभीर घायलों की जान बचाई जा सके।

# पीएम इंटर्नशिप योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा

**रायगढ़, 8 मई ।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (माई भारत) के प्रभावी क्रियान्वयन रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिले के युवाओं को अधिक से अधिक अवसरों से जोड़ने और उन्हें बेहतर करियर की दिशा देने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर योजना की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र युवा तक इस योजना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा आई टी आई, पॉलिटेक्निक, महाविद्यालयों, जनपद एवं नगरीय निकायों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकतम युवा इसका लाभ उठा सकें।



उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में वर्तमान में 1,054 इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध हैं, जो देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, मणप्पुरम फाइनेंस, श्रीराम जनरल इंश्योरेंस तथा गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड में प्रदान किए जा रहे हैं। इन इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं को न केवल वास्तविक औद्योगिक अनुभव मिलेगा, बल्कि उन्हें प्रति माह कम से कम 9 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। यह योजना विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं के लिए लाभकारी है, जो वर्तमान में फुल-टाइम रोजगार में नहीं हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपने करियर की शुरुआत करना चाहते हैं। विनिर्माण, ऊर्जा, खनन, वित्त, मानव संसाधन एवं संचालन जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध ये अवसर युवाओं को कौशल विकास और रोजगार की दिशा में सशक्त बनाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक युवा इस योजना से जुड़कर अपने भविष्य को संवारें।

# रविता, अंजना और ललिता बनीं लखपति दीदी अब गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**रायगढ़, 8 मई।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर आत्मनिर्भर बनी रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड की रविता प्रधान, अंजना गुप्ता और ललिता शिकारी आज ÷लखपति दीदी÷ के रूप में नई पहचान बना चुकी हैं। कभी केवल घर-गृहस्थी तक सीमित रहने वाली ये महिलाएं आज सफल व्यवसाय संचालित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन गई हैं और गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार के तहत रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के ग्राम औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में इन तीनों लखपति दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। शिविर में मौजूद महिलाओं ने भी उनकी संघर्ष और सफलता की कहानी को उत्साह से सुना। इन महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य महिलाओं को भी स्व सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

बिहान योजना से जुड़ने से पहले इन महिलाओं के पास घरेलू कार्यों के अलावा कोई नियमित आय का साधन नहीं था। लेकिन समूहों से जुड़कर प्रशिक्षण, ऋण और रोजगार के अवसर मिलने से उन्होंने अपने जीवन को नई दिशा दी। आज वे न केवल अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, बल्कि लाखों रुपए की आय अर्जित कर आर्थिक रूप से मजबूत बन चुकी हैं।

पंचायत सुकुलभठली के आश्रित गांव दाऊभठली की रहने वाली श्रीमती ललिता शिकारी ने बिहान से जुड़कर पूजा महिला स्व सहायता समूह का गठन किया। उन्हें सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण मिला, जिसके बाद उन्होंने घर से सिलाई कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे वे अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देने लगीं। सिलाई कार्य के साथ उन्होंने गांव में किराना दुकान शुरू की और बाद में पक्का मकानों की ढलाई में उपयोग होने वाली सेंटिंग प्लेट का व्यवसाय भी प्रारंभ किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले घरों के लिए वे किराये पर सेंटिंग प्लेट उपलब्ध कराती हैं, जिससे उन्हें अच्छी आय हो रही है।ललिता ने बताया कि व्यवसाय शुरू करने के लिए उन्हें बैंक से 50 हजार रुपए का मुद्रा लोन मिला। वन स्टॉप फैसिलिटी सेंटर से एक लाख रुपए तथा समूह को 6 लाख रुपए का ऋण मिला, जिसमें उन्हें व्यक्तिगत रूप से 60 हजार रुपए प्राप्त हुए। आज वे सालाना लगभग दो लाख रुपए की आय अर्जित कर रही हैं। उनका कहना है कि बिहान योजना ने उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल दी है।इसी तरह रविता प्रधान ने भी बिहान योजना के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। मूलतः सुकुलभठली की रहने वाली रविता पहले केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन सम्मानजनक रोजगार की तलाश ने उन्हें बिहान से जोड़ दिया। आज वे एफएलसीआरपी के रूप में कार्य कर रही हैं और महिला स्व-सहायता समूहों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का कार्य संभाल रही हैं। उन्हें पुसौर विकासखंड के 6 ग्राम पंचायतों और 14 गांवों की जिम्मेदारी मिली है। वे महिलाओं को उनकी रुचि और जरूरत के अनुसार आजीविका के लिए ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में सहयोग करती हैं। रविता को इस कार्य के लिए प्रतिमाह 7 हजार रुपए का मानदेय मिलता है। उन्होंने स्वयं सरस्वती महिला स्व सहायता समूह का गठन किया और खेती-किसानी के लिए समूह के माध्यम से 5 लाख रुपए का ऋण लिया, जिसमें उन्हें व्यक्तिगत रूप से 50 हजार रुपए मिले। तीन एकड़ सिंचित भूमि पर खेती कर रही रविता आज सालाना दो लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं और लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं।

वहीं पुसौर विकासखंड के ग्राम कोसमंदा की रहने वाली श्रीमती अंजना गुप्ता ने बिहान योजना से जुड़कर दोना-पत्तल निर्माण का कार्य शुरू किया। मेहनत और लगन से उन्होंने धीरे-धीरे अपना व्यवसाय बढ़ाया और बाद में चप्पल निर्माण मशीन भी खरीदी। उन्होंने दुर्गा महिला स्व सहायता समूह बनाकर अन्य महिलाओं को भी जोड़ना शुरू किया। वर्ष 2020 में शुरू हुए इस व्यवसाय के लिए उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से एक लाख रुपए का ऋण मिला। इसके बाद सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से 60 हजार रुपए का अतिरिक्त ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उनका व्यवसाय और मजबूत हुआ। तीनों महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि गांव में रहकर उन्हें सम्मानजनक व्यवसाय करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। लेकिन बिहान योजना ने उनके सपनों को नई उड़ान दी। आज वे परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के साथ अच्छी आय अर्जित कर रही हैं और गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

**एक नजर**

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु दो संविदा पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव 8 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत जिले में महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु संविदा जेण्डर विशेषज्ञ (अनुसूचित जनजाति) के 1 पद एवं संविदा आईटी असिस्टेंट (अनारक्षित) के 1 पद की पूर्ति हेतु 23 मई 2026 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। इन पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव पिन कोड 491441 में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

### जिले के 2140 आंगनबाड़ी केंद्रों में न्यौता भोज का आयोजन

**कांकेर, 8 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के 2140 आंगनबाड़ी केंद्रों में गुरूवार को न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न गांवों में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बच्चों के साथ भोजन किया, साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बेवरती के आंगनबाड़ी केन्द्र में न्यौताभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्री आशाराम नेताम भी पहुँचे। उन्होंने बच्चों को भोजन परोसा और स्वाद भी चखा। न्यौता भोज कार्यक्रम के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने बच्चों के पालकों और बच्चो से पढ़ाई, खेलकूद और भोजन की गुणवत्ता को लेकर बातचीत की। उन्होंने छोटे बच्चों से आत्मीयता के साथ बात करते हुए उन्हें नियमित रूप से आंगनबाड़ी आने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण देने का माध्यम नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली पाठशाला भी है। यहां बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। विधायक श्री नेताम ने न्यौता भोज के मध्यम से नागरिकों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ने की अपील भी की। उन्होंने इस परंपरा को समाज से जोड़ने तथा आगामी पीढ़ी को संस्कारवार बनाने का मध्यम भी बताया। आंगनबाड़ी केंद्र के स्टाफ ने विधायक श्री नेताम को केंद्र में संचालित योजनाओं और बच्चों के उपस्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की योजनाओं के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी वे बेहतर कार्य कर रही हैं और बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आंगनबाड़ी में पाँच बच्चों के अन्नप्रासन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। न्यौता भोज में ग्रामीणों और अभिभावकों की सहभागिता भी देखने को मिली। महिलाओं ने भोजन बनाने और परोसने में सहयोग किया। कार्यक्रम में खिचड़ी, दाल, चावल, सब्जी और पौष्टिक व्यंजन बच्चों को परोसे गए। बच्चों ने भी उत्साह के साथ भोजन किया और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर डीपीओ विपिन जैन एवं सरपंच विष्णु नेताम स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जगदलपुर में 12 मई को आयोजित होगा विशाल प्लेसमेंट कैंप

**जगदलपुर, 8 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक शानदार अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर द्वारा मंगलवार 12 मई को एक दिवसीय विशाल प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के समीप आड़ावाल स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित होने वाला यह कैंप सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 305 विभिन्न पदों पर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। इस भर्ती अभियान के तहत पैरामाउंट ह्यूमन रिसोर्स द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन के 300 पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है।

# दिव्यांग राइडर्स की प्रेरणादायी 616 किमी यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 मई।** शिक्षा का अधिकार,समावेशी शिक्षा जागरूकता व हैल्मेट कि आवश्य यातायात सुरक्षा एवं दिव्यांग भाई बहनों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन्लस स्पेशल एब्लड राइडर छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष के.संदीप और सचिव सतेन्द्र मिर्जा, ऋषि मिश्र के मार्गदर्शन में 03/05/2026 को निकले दिव्यांग राइडर्स ने अपनी इस अद्भुत यात्रा का अंतिम पड़ाव मां दंतेश्वरी मंदिर, दंतेवाड़ा में 05/05/2026 को पूर्ण किया। ??? इस यात्रा में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर घाड़ी चौक में ऋषि मिश्रा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय विकलांग अधिकार एवं कर्तव्य मंच द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यात्रा के प्रथम दिन रायपुर से निकल कर धमतरी पहुंचे जहां चौक चौराहों पर प्रचार प्रसार किया गया जहां



एक्जिट फाउंडेशन कि अध्यक्ष लक्ष्मी सोनी मैडम द्वारा जल - पान कि व्यवस्था था व रास्ते के लिए भोजन व्यवस्था कि उसके बाद अगल रात्रि पड़ाव कांकेर में था जहां जन सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री मोटवानी जी व उनकी टीम के द्वारा रात्रि विश्राम व भोजन व्यवस्था गुजराती धर्मशाला में गई थी फ़िर दूसरे दिन 04/05/2026 को सुबह यात्रा की शुरूवात सुबह 8:00 बजे कांकेर जिले के चौक चौराहों पर यातायात सुरक्षा, शिक्षा का महत्व का स्लोगन देश भक्ति नारों के साथ यात्रा शुरू हुआ दोपहर पूर्व सैनिक एसोसिएशन द्वारा बस स्टैंड पर दिव्यांग राइडरो का उत्साह वर्धन करते हुए उनके लिए जल - पान की व्यवस्था थी बस स्टैंड में भी यातायात सुरक्षा और शिक्षा का महत्व,सुगम्यता जागरूकता देश भक्ति नारों से गूंज उसके उपरांत रात्रि कैशकल घांटी में यातायात सुरक्षा कि पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी द्वारा घाटी पर कर आगे कि यात्रा प्रारंभ करते हुए रात्रि दंतेवाड़ा में कोतवाली थाना प्रभारी आश्रय स्थल पर रूकने में सहयोग प्रदान किया गया, 05/05/2026 कि सुबह मां दंतेश्वरी के दर्शन उपरान्त प्रसाद ग्रहण दन्तेवाड़ा के चौक चौराहों पर यातायात सुरक्षा, शिक्षा का महत्व,सुगम्यता जागरूकता रैली का प्रचार प्रसार करते हुए बस्तर मडाई में प्रचार प्रसार किए वापसी में कोंडागांव में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा रात्रि विश्राम आश्रय स्थल पर और भोजन व्यवस्था देवा जी के मार्ग दर्शन उपसंचालक मैम द्वारा किया गया था। 06/05/2026 की सुबह जल - पान कर वापिस कैशकल घाटी के रेस्टहाउस में थोड़ा विश्राम कर आगे यात्रा प्रारम्भ किए जीस में दो सौ किलोमीटर कि दूर तै कर पुनः धमतरी पहूचे जहां समाज सेवी शिव प्रधान की टीम द्वारा वापसी के दौरान धमतरी आगमन पर समाजसेवियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कलेक्टर महोदय जी द्वारा प्रोत्साहित किया गया मां आंगर मोती के दर्शन व गंगरेल बांध भ्रमण के उपरान्त शहर में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई हमारे निवेदन पर शिवा प्रधान जी द्वारा रात्रि में भोजन की सुंदर व्यवस्था की गई। साथ ही संस्था दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र एक्जैक्ट फाउंडेशन रूद्री धमतरी द्वारा रात्रि विश्राम की व्यवस्था थी। 07/05/2026 कि सुबह पुनः सभी राइडर धमतरी से रायपुर घाड़ी पहुंचे और अपनी यात्रा पूर्ण किए जीस के लिए रायपुर और छत्तीसगढ़ के गणमान्य नागरिको ने इसकी बहुत सरहान यह यात्रा साहस, आत्मविश्वास और समाज में सकारात्मक संदेश देने का एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

# 41 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती को दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 मई।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. वी. रेवती को 30 अप्रैल को उनके 41 वर्षों की दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी एवं गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ, जिसमें डॉ. रेवती का महाविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आर.आर. कोचे, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े सहित समस्त सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं स्ववित्तीय शिक्षक उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में डॉ. रेवती के 41 वर्षों के समर्पित एवं उल्लेखनीय सेवाकाल को स्मरण करते हुए महाविद्यालय के विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सुचारू संचालन में उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की। साथ ही उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं मिलनसार व्यक्तित्व को सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया गया कि उच्च शिक्षा विभाग में अपने दीर्घ सेवाकाल के दौरान डॉ. रेवती के कुशल नेतृत्व, अनुशासन, समर्पण एवं दूरदर्शिता ने महाविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में उनका योगदान सदैव स्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा। उनका व्यक्तित्व, मार्गदर्शन एवं कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. रेवती ने अपने सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है तथा उनका सहयोगी एवं सौम्य स्वभाव सभी के लिए अनुकरणीय है।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. रेवती को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. रेवती ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां बिताया गया समय उनके जीवन का अमूल्य अनुभव रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया। आत्मीय वातावरण एवं शुभकामनाओं के साथ समारोह का समापन हुआ। यह अवसर सभी के लिए अत्यंत भावुक एवं यादगार रहा।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती के सेवानिवृत्त होने के पश्चात वरिष्ठता क्रम के आधार पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. जांबुलकर पूर्व में भी इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनके निर्देशन में महाविद्यालय का नैक (द्वष्ट) मूल्यांकन संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय को पूर्व में प्राप्त 'बी' ग्रेड से उन्नत कर 'बी प्लस' ग्रेड दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही है।महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के सफल संचालन में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके अनुभव एवं नेतृत्व से महाविद्यालय को नई दिशा मिलने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।

# कार्यकर्ता गुटबाजी से दूर रहकर पार्टी हित में ही काम करें:भावेश

■ मंडल प्रभारी भावेश वेध ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 मई।** भाजपा शहर मंडल प्रभारी भावेश वेध ने गुरुवार को स्थानीय विश्रामगृह में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें गुटबाजी से दूर रहकर केवल पार्टी हित में काम करने की सलाह दी है । उन्होंने सभी कार्यकर्ता को कड़े लफ्जों में कहा कि ऐसे कार्यकर्ता जो पार्टी में रहकर दूसरे पार्टी का काम करते हैं उन पर बहुत जल्दी पार्टी कार्यवाही करेगी । आज के बाद यहां गुटबाजी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी डोंगरगढ़ विधानसभा हम पिछले 10 वर्षों से नहीं जीत पाए इसका कारण नेताओं की गुटबाजी है जो व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करेगा वही व्यक्ति पार्टी में सर्वेश्वरा होगा चाहे वह छोटा सा कार्यकर्ता हो या बड़ा पदाधिकारी । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए काम करके आने वाले विधानसभा चुनाव में डोंगरगढ़ में भाजपा का विधायक बनाने का आह्वान किया । बैठक में डोंगरगढ सह प्रभारी किशन यदु, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर वरिष्ठ भाजपा नेता कुलवंत कक्कड़ ने भी कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए काम करने की बात कही । इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बनोवाना ,सुनील चीकू जैन ,तुलसी मिश्रा ,नगर



पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे , उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमित बनोवाना ,महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव, उपाध्यक्ष सराफराज नवाज, कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ,पूर्व अध्यक्ष सविता दरगढ ,सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ,किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक विजेंद्र सिंह ठाकुर युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत सहित महिला मोर्चा ,युवा मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# नगर पंचायत डोंगरगांव के इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मई।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव के इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी भवन नगर पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



शिविर में उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक श्री भरत वर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती अंजू त्रिपाठी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जहां वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक के नागरिकों द्वारा 103 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग से संबंधित 91 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 12 आवेदन शामिल थे। मौके पर 10 आवेदनों का निराकरण किया गया। सर्वाधिक आवेदन राजस्व विभाग अंतर्गत पट्टा एवं भूमिहीन कृषक मजदूर योजना के प्राप्त हुए। शिविर में उपाध्यक्ष नगर पंचायत श्री रोहित गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत श्री गुलशन हिरवानी, श्री डीकेश साहू, दिना पटेल, श्री रामकुमार गुप्ता, श्री लक्ष्मी नारायण सेन, श्री कोमल साहू, श्री लीलाराम मंडलोई, श्री पुरूषोत्तम साहू, पद्मिनी ठाकुर, श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार श्री कमल किशोर साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विनम्र जेमा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत सुंदरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मई।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 7 मई 2026 को राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सुंदरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सुन्दरा, बोरी, गठुला, भाठागांव, बोइरडीह, जराही, तुमड़ीलेवा, अचानकपुर भाठापारा, परमालकसा, मनकी, तोरनकटठा, पार्रीकला, बरगा, इंदामरा, भानपुरी, पनेका, बांकल, फ़रहद, रीवागहन, भेड़ीकला ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में मांग से संबंधित 1329 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 16 आवेदन कुल 1345 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 40 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर में विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों का ई-केवाईसी सत्यापन किया गया। शिविर में अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देव कुमारी साहू , जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला राकेश सिन्हा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती अनीता दिगेंद्र सिन्हा, जनपद सदस्य श्रीमती उत्तरी तामस्कर, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती हार्षी चंद्राकर, श्री राजेंद्र ठाकुर, श्री साकेत वैष्णव, श्रीमती पुष्पा उइके एवं श्री मनोज साहू, श्री रमेश चंद्राकर, श्री बलराम निर्मलकर, श्री मोतीलाल देवांगन, सरपंच सुंदरा श्री हिपेंद्र साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गौतम पाटिल, सीईओ जनपद पंचायत श्री मनीष साहू सहित सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 मई।** जिले में आज छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, नकलरहित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के 2 परीक्षा केंद्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार निर्धारित समय प्रातः 9.30 बजे बंद कर दिए गए, जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा में कुल 450 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 297 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 153 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुई। परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी, जिससे उन्हें परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्रों में फ्रिस्किंग, सुरक्षा जांच तथा प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट की सुरक्षा हेतु डबल लॉक सिस्टम का कड़ाई से पालन किया गया। केंद्र परिसरों में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया था।


कलेक्टर द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यापम के सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे।

# जनगणना 2027 के कार्यों का अपर कलेक्टर एवं राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

■ मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति, ऐप उपयोग एवं डेटा गुणवत्ता का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मई।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्यों का आज अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय एवं राज्य स्तरीय जनगणना टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति, जनगणना ऐप के उपयोग, जीआईएस आधारित घर संख्या अंकन तथा डेटा प्रविष्टि की गुणवत्ता का स्थल पर जाकर अवलोकन किया गया। जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत कुल 1608 जनगणना ब्लॉकों का गठन किया गया है, जहां 1 मई से 30 मई 2026 तक



मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान टीम ने घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से की जा रही प्रविष्टियों, भवनों के अंकन तथा जानकारी संकलन की प्रक्रिया का परीक्षण किया।

अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने संबंधित अधिकारियों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रविष्टियां सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना आवश्यक है, क्योंकि यही जानकारी आगामी जनगणना कार्यों का आधार बनेगी। उन्होंने पर्यवेक्षकों को प्रतिदिन फील्ड मॉनिटरिंग कर कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। राज्य स्तरीय जनगणना टीम ने जिले में किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए आवश्यक तकनीकी सुधार एवं सावधानियों के संबंध में सुझाव दिए। टीम ने कहा कि डिजिटल माध्यम से जनगणना कार्यों का संचालन पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने बताया कि जनगणना का प्रारंभिक चरण संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार होता है। इसलिए मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य को अत्यंत गंभीरता, पारदर्शिता एवं सावधानीपूर्वक संपादित किया जाना आवश्यक है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)** CIN:U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-V/Store/W/T-62/26/1272 Marwa, dtd.05-05-2026

**NOTICE INVITING E-TENDER NO. TN. -51 /2026**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/ Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-V/ Store/W/ T-62/26 | 8100051231 | Work Contract for Crane/Hydra Operators with helpers at Store 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 02.06.2026 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 10,000/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir- Champa

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

Samvad-47744/1



**न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुखन पटेल पिता/पति सुद्धुराम पटेल जाति मराम निवासी ग्राम गातापार तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गातापार में दिनांक 15/04/2011 को आवेदक के पिता/पति/माता/पत्नी//पुत्र/पुत्री सुद्धूराम की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 20/05/2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया।

**दिनांकः- 06/05/2026**
**स्थानः- देवकर**

तहसीलदार
देवकर,
मुहर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुखन पटेल पिता/पति बुद्धुराम पटेल जाति मराम निवासी ग्राम गातापार तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गातापार में दिनांक 29/04/2010 को आवेदक के पिता/पति/माता/पत्नी//पुत्र/पुत्री बुद्धूराम की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 20/05/2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया।

**दिनांकः- 06/05/2026**
**स्थानः- देवकर**

तहसीलदार
देवकर,
मुहर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

## एक नजर

### जनगणना में ओबीसी वर्ग की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण: बंजारे

**रायपुर, 8 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने जनगणना



2026 में अन्य पिछड़ा वर्ग की अलग से गणना नहीं किए जाने पर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए पूछे जा रहे 33 प्रश्नों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग का उल्लेख है, लेकिन देश की बड़ी आबादी वाले ओबीसी वर्ग को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है। राजेंद्र बंजारे ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं को पिछड़ा वर्ग का बताकर राजनीतिक लाभ लेते हैं, लेकिन जब ओबीसी समाज की वास्तविक भागीदारी, संख्या और अधिकार सुनिश्चित करने की बात आती है तो भाजपा सरकार पीछे हट जाती है। यह जनगणना स्पष्ट करती है कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि देश में ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या सामने आए, क्योंकि इससे सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हिस्सेदारी की सच्चाई उजागर हो जाएगी। भाजपा हमेशा से सामाजिक न्याय के मुद्दों को दबाने और समाज को बांटने की राजनीति करती आई है।

### एलजी ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया




**रायपुर, 8 मई।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने 2026 के लिए अपने होम अप्लायंसेज की रेंज बाज़ार में उतारी। किफ़ायती-प्रीमियम और प्रीमियम, दोनों श्रेणियों में पेश की गई यह नई रेंज, एलजी की भरोसेमंद तकनीक को ज़्यादा से ज़्यादा भारतीय परिवारों तक पहुँचाने के संकल्प को और मज़बूत करती है। इस नई रेंज को भारतीय उपभोक्ताओं की हर छोटी-बड़ी ज़रूरत को ध्यान में रखकर बेहद बारीकी से तैयार किया गया है। यह शानदार डिज़ाइन और बेहतरीन अनुभव के साथ-साथ भरोसेमंद और सुलभ तकनीक के बीच के अंतर को पाटती है, ताकि हर भारतीय घर को आधुनिक तकनीक का लाभ मिल सके। अपनी 2026 की रेंज विस्तार योजना के हिस्से के रूप में, एलजीई इंडिया ने अपनी किफ़ायती-प्रीमियम 'एसेंशियल सीरीज' का दायरा बढ़ा दिया है, जिसे अक्टूबर 2025 में शुरू किया गया था। इस विस्तार के जरिए घरेलू उपकरणों में कई नए डिज़ाइन, अलग-अलग क्षमताएं और किफ़ायती दाम पेश किए गए हैं। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के एक बड़े वर्ग की ज़रूरतों को पूरा करना है, जो एलजी इंडिया के 'हर घर अप्लायंसेज, हर घर हैप्पीनेस' के मिशन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### ग्राहकों को मिलेगा भरोसेमंद बैंकिंग अनुभव

**रायपुर, 8 मई।** आज बैंकिंग में सिर्फ तेज ऐप या आसान ट्रांजैक्शन ही काफी नहीं हैं, बल्कि ग्राहकों के लिए सबसे बड़ी जरूरत है भरोसेमंद और बिना



रुकावट सर्विस। जैसे-जैसे डिजिटल बैंकिंग आम होती जा रही है, अब असली फर्क उस सिस्टम से पड़ता है, जो पर्दे के पीछे काम करता है और हर सर्विस को लगातार सही तरीके से चलाता है। लक्ष्मण वेलायुथम, हेड- चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अनुसार, बैंकिंग का अगला दौर 'ग्राहक अनुभव' से आगे बढ़कर 'व्यावसायिक अनुभव' पर आधारित होगा। वे बताते हैं कि एक आकर्षक ऐप सिर्फ सामने दिखने वाला हिस्सा है, लेकिन असली ताकत कोर बैंकिंग सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत प्रोसेस में होती है। यदि ये मजबूत नहीं हैं, तो अच्छा दिखने वाला अनुभव भी टिक नहीं पाता।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## सीएमओ स्वास्थ्य विभाग कार्यालय का घेराव

**रायपुर, 8 मई।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने अपने जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में प्रदेश में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा के खिलाफ व डाक्टरों की लापरवाही के विरोध में आज धरना देकर प्रदर्शन किया गया। आम जनता को होने वाली असुविधा, प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग का निजी अस्पताल में कोई कंट्रोल नही रहने के कारण निजी अस्पतालों द्वारा आम जनता से स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर मनमानी फीस वसूली जैसे अनेक समस्याओं को दुर करने एवं प्रदेश के हर नागरिकों को कागजों में नही बल्कि वास्तविक रुप से निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग के सी एम ओ कार्यालय का घेराव करते हुए 3 घन्टे तक उग्र धरना प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में यहा की जनता को सिर्फ कागजों पर ही निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही हैं जबकि जमीनी हकीकत यह हैं कि छत्तीसगढ़ के निवासी निशुल्क चिकित्सा सुविधा के आभाव में जहा एक ओर प्राईवेट अस्पताल में जाकर चिकित्सा सुविधा के नाम पर अपनी जीवन भर की गाड़ी कमाई को लुटा कर आर्थिक कंगाली का शिकार हो रहे हैं तो दूसरी ओर प्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले एवं मध्यम वर्ग के लोग शासकीय अस्पतालों में जाकर स्वास्थ्य सुविधा के आभाव में समय से पूर्व काल के गाल में समाकर मृत्यु के शिकार हो रहे हैं।

रायपुर ग्रामीण के छाया विधायक पंकज शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की जनता के लिए चिकित्सा सुविधा का नितांत अभाव है प्रदेश में सरकार मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर बीपीएल और एपीएल कार्ड धारियों के साथ भेदभाव करती हैं जबकि प्रदेश






के सभी नागरिकों के लिए निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उपरोक्त कार्यक्रम में रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा पंकज शर्मा डाक्टर राकेश गुप्ता, प्रशांत ठेंगड़ी डां अन्नुराम साहु चम्पालाल देवांगन अविनय दुबे सुशांत डे प्रवीण चन्द्राकार गौरीशंकर पांडे राज देवांगन संदीप शर्मा दीपक चौबे अनिल रायचुरीया सम्पत सिंह राजपूत राज देवांगन जावेद नकवी संजय अग्रवाल ईश्वर चक्रधारी मुन्ना मिश्रा महेंद्र सेन संजय सोनी हिरेंद्र देवांगन ओम श्रीवास सुयम शर्मा देव कुमार साहु श्रीमती सुधा सरोज मिलिंद गौतम सुजित सिंह डुमेन्द्र दीप सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तकनीकी स्वीकृति और टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यारंभ करें

**रायपुर, 8 मई।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभागीय मुख्य अभियंताओं की बैठक लेकर सड़कों एवं पुल-पुलियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद तत्परता से तकनीकी स्वीकृति और टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यारंभ करने के निर्देश दिए। साव ने बैठक में कहा कि सभी मुख्य अभियंता कार्यालय कॉर्पोरेट दफ्तरों की तरह पूरी क्षमता और दक्षता से काम करें। उन्होंने विभाग की कार्य संस्कृति में बदलाव लाते हुए फील्ड से लेकर कार्यालय तक तेज गति और जवाबदेही से काम करने को कहा।



उप मुख्यमंत्री साव ने परफॉर्मेंस गारंटी की सड़कों की नियमित मॉनिटरिंग करने और इनके खराब होने पर संबंधित ठेकेदारों से त्वरित मरम्मत कराने को कहा, ताकि नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि परफॉर्मेंस गारंटी वाली सड़कों की स्थिति खराब पाए जाने पर अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने ऐसी सड़कों का तत्काल ठेकेदारों से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग के मुख्य अभियंता को भारत सरकार के साथ लगातार समन्वय कर स्वीकृतियों एवं कार्यों में तेजी लाने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव ने सभी मुख्य अभियंताओं को प्राथमिकता वाले कार्यों की खुद मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने फील्ड पर निकलकर प्राथमिकता वाली सड़कों के कार्यों की प्रगति का हर सप्ताह निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नई सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए कलेक्टरों के साथ समन्वय कर भू-अर्जन की कार्यवाहियों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने ब्लैक-स्पॉट्स दूर करने के साथ ही सड़कों व पुलों के निर्माण के दौरान सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री साव ने निर्माण कार्यों और निर्माण सामग्रियों में गुणवत्ता पर जोर देते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों तक लंबित काम विभाग की छवि खराब करता है। इस तरह की स्थिति न बने। हर हाल में समय-सीमा में काम पूर्ण करने का प्रयास करें। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, अपर सचिव एस.एन. श्रीवास्तव, सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं के साथ ही सेतु संभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग के मुख्य अभियंता भी बैठक में मौजूद थे।

## बालाजी दरबार पहुंचे बृजमोहन, साथ दिखे सलीम राज

**रायपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ़ की राजनीति से जुड़ी एक खास तस्वीर आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति से सामने आई है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विश्व प्रसिद्ध तिरुमला में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी के दर्शन-पूजन किए और देश-प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उनके साथ प्रेम प्रकाश पांडेय और सलीम राज भी मौजूद रहे।



# मई माह में हर घर में दोगुना बिजली बिल : बैज

**रायपुर, 8 मई।** मई माह में लोगों का बिजली बिल दुगुना आया है, बढ़े बिजली बिल से जनता परेशान है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार प्रायोजित लूट है बढ़े हुए बिजली बिल भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता का महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। अप्रैल महीने की बिजली खपत का जो बिल लोगों के घरों में पहुंचा है उससे जनता परेशान हो गयी है। गर्मी के कारण 20 से 25 प्रतिशत तक बिजली खपत अधिक हुई होगी माना जा सकता है लेकिन जो बिल आम आदमी के घरों में पहुंचा है वह पिछले माह की अपेक्षा दुगुना है। सरकार बिजली के नाम पर जनता को लूट रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिजली के बढ़े बिल से पिछले 6 माह से जनता पर बोझ डाला जा रहा था लेकिन इस माह बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दुगुना आया है। बिजली बिल ज्यादा आने का तीन कारण हैः- सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिया है। बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई। स्मार्ट मीटर लगाए गए है जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा जिससे बिल अधिक आ रहा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रू. तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार प्रायोजित लूट है बढ़े हुए बिजली बिल, भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। कांग्रेस की सरकार के समय से वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल बढ़कर आ रहा है। कांग्रेस पार्टी, भाजपा सरकार के द्वारा बढ़ाकर भेजे गये बिजली बिल का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

**भव्य पंडाल**



रायपुर, 8 मई। डब्ल्यूआरएस कालोनी में श्री शोलापुरी माता का भव्य पंडाल बनाया गया है। इन दिनों शोलापुरी माता की पूजा का विशेष कार्यक्रम चल रहा है।

## मंत्रालय की थंब मशीन में खराबी

**रायपुर, 8 मई।** आज छत्तीसगढ़ मंत्रालय का ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम अचानक ठप पड़ गया। सुबह ठीक 10 बजे दफ्तर पहुंचे करीब 900 अफसर और कर्मचारी थंब मशीन के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन मशीन ने काम करना ही बंद कर दिया।


करीब आधे घंटे तक सब लोग मशीन के सामने मशक्कत करते रहे। बाद में अधीक्षण शाखा से सूचना आई कि बायोमैट्रिक सर्वर डाउन है, इसलिए अटेंडेंस नहीं हो पाएगा। बताया गया कि तकनीकी दिक्कत भारत सरकार की तरफ से आई है। इसके बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने सेक्शन में रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर उपस्थिति दर्ज करनी पड़ी। 1 जनवरी से मंत्रालय में बायोमैट्रिक अटेंडेंस लागू है और तब से पहली बार इतना बड़ा सिस्टम क्रैकडाउन देखने को मिला। दोपहर तक भी सिस्टम पूरी तरह ठीक नहीं हो सका।

## पांच नए मेडिकल कॉलेजों में भर्ती शुरू

**रायपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ़ में नौकरी का इंतजार कर रहे डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। प्रदेश सरकार 5 नए मेडिकल कॉलेजों के लिए अब बड़े स्तर पर भर्ती शुरू करने जा रही है। दंतेवाड़ा, कवर्धा, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा और कुनकुरी-जशपुर में खुलने वाले इन मेडिकल कॉलेजों में कुल 175 पदों पर संविदा भर्ती होगी। इन पदों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट जैसी अहम पोस्ट शामिल हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि चयनित उम्मीदवारों को 1 लाख से लेकर 2.25 लाख रुपए तक सैलरी मिलेगी। इतना ही नहीं, फैकल्टी को प्राइवेट प्रैक्टिस की अनुमति भी मिलेगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर इस मौके का फायदा उठा सकें। सरकार का मकसद उन इलाकों में डॉक्टरों की कमी खत्म करना है, जहां लंबे समय से बेहतर इलाज की जरूरत महसूस की जा रही थी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**रायपुर, 8 मई।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां अंतर्गत ग्राम पंचायत मझौली में आयोजित 'सुशासन तिहार' के तहत जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आमजनों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं उचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर के दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबी, वन अधिकार पट्टा एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'सुशासन तिहार' शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम है। शासन की मंशा है कि अंतिम



व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे तथा उन्होंने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से प्रशासन को अवगत कराया।

**आईपीएल का रोमांच** | **शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में मैचों को लेकर तैयारियां पूरी, सुरक्षा को लेकर पुलिस के कड़े इंतजाम**

# विराट-रोहित की भिड़ंत के साथ ग्लैमर का तड़का

**रायपुर, 8 मई।** छत्तीसगढ़ के रायपुर को 10 साल बाद आईपीएल मैचों की मेजबानी मिली है. शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में मैचों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राजधानी सेलिब्रिटीज से लेकर क्रिकेट फैंस के तैयार है. रविवार यानी 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा. इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली के फैंस देखने पहुंचेंगे. वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और रोहित शर्मा की पत्नी रितिका पहुंच सकती हैं. इसके अलावा मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी को स्पोर्ट करने के लिए अंबानी परिवार के पहुंचने के आसार हैं. बॉलीवुड हस्तियां भी मैच देखने आ सकती हैं. वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं.

**1500 जवान रहेंगे तैनात:** राजधानी में एक ओर जहां क्रिकेट फैंस 10 और 13 मई को होने वाले मैच के लिए उत्साहित हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर कड़े इंतजाम किए हैं. मुख्य सचिव विकासशील ने हाईलेवल मीटिंग ली थी, जिसके बाद से सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई है. आईजी-डीआईजी और एसपी स्तर के 8 आईपीएस अफसरों के साथ 20 राजपत्रित अधिकारी और करीब 1500 जवान तैनात रहेंगे. डीआईजी गिरजाशंकर जायसवाल को सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया है, वह आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे. 1200 पुलिस जवानों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है. साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए अलग से 300 से ज्यादा जवान मौजूद रहेंगे.



### 5 रास्तों से पहुंच सकेंगे स्टेडियम

स्टेडियम पहुंचने के लिए 5 रास्तों का इस्तेमाल किया जा सकेगा. स्टेडियम में 12 गेट से प्रवेश दिया जाएगा। पैवेलियन के लिए तीन गेट बनाए गए हैं. रायपुर से आने वाले सेरीखेड़ी ओवरब्रिज, बलौदाबाजार और बिलासपुर वाले दर्शक धनेली बाईपास होकर नवागांव मंदिरहसौद की ओर, धमतरी-जगदलपुर से आने वालों को जंगल सफारी मार्ग और नवापारा राजिम से भी नवा रायपुर होते हुए स्टेडियम पहुंच सकते हैं. रायपुर शहर से आने वाले वाहन तेलीबांधा, सेरीखेड़ी ओवरब्रिज और नवा रायपुर होते हुए स्टेडियम तिराहा पहुंचेंगे. इनके लिए पार्किंग व्यवस्था साई अस्पताल के पास और सेंध तालाब में की गई है. बिलासपुर, बलौदाबाजार और खरोरा की ओर से आने वाले वाहन रिंग रोड-3, विधानसभा चौक, मंदिरहसौद और नवागांव होते हुए स्टेडियम टर्निंग पहुंचेंगे. इन वाहनों की पार्किंग परसदा और कोसा पार्किंग में रहेगी.दुर्ग-भिलाई से आने वाले वाहन टाटीबंध, पचपेढ़ी नाका, तेलीबांधा और सेरीखेड़ी मार्ग से होकर सत्य साई अस्पताल या सेंध तालाब पार्किंग तक पहुंचेंगे. धमतरी और जगदलपुर की ओर से आने वाले वाहन अभनपुर, केंद्री और मंत्रालय चौक से कोटराभाठा होते हुए साई अस्पताल के पास निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करेंगे.महासमुंद और सरायपाली से आने वाले वाहन आरंग मार्ग से सीधे स्टेडियम टर्निंग पहुंचकर परसदा और कोसा पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे. वहीं ए से जी श्रेणी तक के वाहन पास धारक सेरीखेड़ी, डॉ. खूबचंद बघेल चौक और कयाबांधा चौक होते हुए सीधे अपने आवंटित पार्किंग स्थल तक पहुंच सकेंगे.

## कैट छत्तीसगढ़ को मिला नया नेतृत्व



**रायपुर, 8 मई।** कैट ने छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश नेतृत्व की नई टीम की घोषणा की है। राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुशंसा एवं प्रदेश कोर कमेटी की सर्वसम्मति से हुई बैठक में वरिष्ठ व्यापारी नेता परमानंद जैन को प्रदेश अध्यक्ष, युवा व्यापारी नेता अवनीत सिंह को प्रदेश महामंत्री तथा विजय पटेल को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, इसके साथ ही राजेंद्र खटवानी को प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के तत्कालीन चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, तत्कालीन अध्यक्ष परमानंद जैन, तत्कालीन महामंत्री सुरिंदर सिंह, तत्कालीन कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंथन, वासु माखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल एवं राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी की अनुशंसा पर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि कैट छत्तीसगढ़ अब प्रदेश के प्रत्येक जिले, तहसील एवं स्थानीय व्यापारिक संगठनों तक मजबूत संगठनात्मक संरचना तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26